मध्य प्रदेश के नाचना नामक स्थान से प्राप्त एक शिलाखण्ड पर हनुमान सुग्रीव के साथ श्री राम के सामने खड़े और श्रीराम के पीछे लक्ष्मण जी स्थित हैं।

इनकी एक महाकाय मूर्ति मीरा में मिली है। इसमें हनुमान वीरभाव में प्रदर्शित हैं। वीरभाव बड़े ही प्रभावोत्पादक ढंग से दिखाया गया है। यह लाल बलुए पत्थर की बनी है तथा कलात्मक दृष्टिकोण से आठवीं शती ई० की है। मध्य प्रदेश के गुना जिले में इन्दौर में हनुमान जी की एक विशाल प्रतिमा सुरक्षित है। मूर्ति की चरण-चौकी पर उत्कीर्ण लेख से ज्ञात होता है कि मूर्ति का निर्माण काल नवीं ई० में हुआ था।

खजुराहो में हनुमान की दो-तीन स्वतन्त्र मूर्तियाँ उपलब्ध हैं। इनमें एक में इन्हें लम्बी वनमाला पहने उत्कीर्ण किया गया है।[1] इनके मात्र दो हाथ हैं। इनकी लम्बी लांगूल ऊपर की ओर मुड़कर इनके सिर पर है। यहाँ स्वतंत्र मूर्ति के अतिरिक्त शिलापट्ट पर श्रीराम और सीता के साथ हनुमान दिखाये गये हैं। उड़ीसा में कटक जिले के मणिकेश्वर मन्दिर पर, जो लगभग ७वीं शती ई० में निर्मित हुआ था श्रीराम, लक्ष्मण एवं हनुमान की अत्यन्त सुन्दर मूर्तियाँ बनी हैं। उत्तर भारत के प्रतिहार सम्राटों के शासन काल में श्री हनुमान की पूजा के निमित्त अनेक पाषाण प्रतिमाएँ बनी हैं। आठवीं शती ई० में चित्तौड़गढ़ में बनी एक मूर्ति अब राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली में सुरक्षित है।

उत्तर भारत की तरह दक्षिण भारत में श्री हनुमान की पूजा समान रूप से प्रचलित थी। मट्टड़कल एवं बेलूर से हनुमान की पाषाण मूर्तियाँ मिली हैं। पाषाण के अतिरिक्त कांस्य की बनी मूर्तियाँ भी दक्षिण भारत से मिली हैं। तंजौर जिले में षडक्कुपणपुर नामक स्थान की मूर्ति अधिक महत्वपूर्ण है। मद्रास संग्रहालय में हनुमान हाथ में ताड़पत्रीय पाण्डुलिपि लिए हाथ जोड़कर वन्दना करते दिखाये गये हैं।

प्राचीन मुद्राओं पर भी हनुमान का अंकन मिलता है। कलचुरि नृपति कलिंगराज अथवा उनके पुत्र कालराज ने श्री हनुमान मुद्रा की परम्परा एकादश शती में प्रारंभ की तथा यह परंपरा आगे भी कायम रही। इसी प्रकार चन्देल राजमुद्राओं पर भी श्री हनुमान का अंकन है।

भारत के बाहर भी हनुमान की मूर्तियाँ प्रकाश में आयी हैं। उनमें श्याम, कम्बोडिया, जावा, सुमात्रा, नेपाल आदि स्थानों में विशेष रूप से उल्लेखनीय है।

अन्य स्थानों की भाँति बिहार में भी हनुमान की मूर्ति राम, लक्ष्मण के साथ गुप्तकाल से बनने लगी। इसी प्रकार का एकमृण्मूर्ति कलक चौता[2] (भोजपुर)

---

१. अवस्थो, रामाश्रय, खजुराहो की देब प्रतिमाएं, पृ०-११४ मुर्ति संख्या ३८।

२. विस्तृत अध्ययन के लिए देखें, बिहार की प्राचीन मूर्ति कला में हनुमान, "वरदा अंक ३ की वर्ष १५, १९७२, कल्याण हनुमान अंक वर्ष ४९ में स्थापत्य एवं मूर्ति कला में श्री हनुमान, मूर्तिकला में श्री हनुमान का संकट मोचन रूप, राजमुद्राओं पर श्री हनुमदाकृति का अंकन।

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

से मिला है। इसमें राम-लक्ष्मण तथा अन्य वानरों के साथ हनुमान भी चित्रित किये गये हैं। हनुमान की मुखाकृति बहुत ही क्रुद्ध है। संभवतः ये सभी सीताहरण के प्रति अपनी प्रतिक्रिया प्रकट कर रहे हैं। कथा का बहुत ही परिष्कृत चित्रण हुआ है।[1] अन्तिचक (भागलपुर) की खुदाई में अन्य मृण्मूर्तियों के साथ हनुमान की भी दो स्वतन्त्र मूर्तियाँ मिली हैं।[2] दोनों प्रतिमाएँ मानवाकृति हैं। मूर्ति के ललाट, आँख, नाक सुन्दर बने हैं। दोनों के एक ही अभिप्राय हैं। एक हाथ में पर्वत लिये दिखाये गये हैं। कलात्मक दृष्टिकोण से ये ९वीं-१०वीं शती की हैं। पर्वत उठाये हुए हनुमान का चित्रण कलाकारों का प्रिय विषय रहा है। और इस आशय की मूर्तियाँ सम्पूर्ण भारतवर्ष में मिली हैं। अन्तिचक की मूर्तियाँ सम्प्रति प्राचीन इतिहास एवं पुरातत्व विभाग, पटना विश्वविद्यालय के संग्रहालय में सुरक्षित हैं।

इस प्रकार हम देखते हैं कि हनुमान की पूजा न केवल सम्पूर्ण भारतवर्ष में ही थी, अपितु नेपाल और जावा तक भी उसका प्रसार हुआ। आज भी भारत के प्रत्येक नगर एवं गाँव में श्री हनुमान का मन्दिर अवश्य बना है।

●

१. पटना म्युजियम केटलग ऑफ एन्टिक्विटीज प्लेट ४८, चित्र संख्या १५।

२. जर्नल ऑफ दी बिहार रिसर्च सोसाइटी, ५७ चित्र संख्या ११।

३. अन्तिचक प्राचीन विक्रमशिला महाविहार का स्थान माना जाता है। यहाँ उत्खनन में एक स्तूप के चारों ओर मृण्मूर्तियाँ उत्कीर्ण मिली हैं। इनमें हिन्दू एवं बौद्ध दोनों धर्मों की मूर्तियाँ सम्मिलित हैं। इस प्रसिद्ध बौद्ध बिहार में हनुमान तथा अन्य हिन्दू देवताओं की प्रतिमा धार्मिक सहनशीलता तथा समवाय का उदाहरण है।

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

मध्यकालीन मूर्तिकला में हनुमान और रावण

नीलकण्ठ पुरुषोत्तम जोशी

सी० के० १/१३, भोसला मन्दिर, वाराणसी

कला के क्षेत्र में हनुमान का विचार करते समय सर्वप्रथम हमारा ध्यान महभारत के उद्योग पर्व के उन श्लोकों की ओर जाता है जिनमें हनुमान की प्रतिकृति का उल्लेख है। प्रसंग है—अर्जुन के रथ के निर्माण की कथा। संजय दुर्योधन से कहता है कि त्वष्टा, ब्रह्मा और इन्द्र ने मिलकर अर्जुन के रथ की ध्वजा में अनेक रूपों की रचना की है। उन छोटी बड़ी मूर्तियों के बीच हनुमान भी भीमसेन के अनुरोध की रक्षा करने के लिये अपनी प्रतिकृति रखेंगे[1]। इस उल्लेख का तिथि निश्चय तो नहीं किया जा सकता, पर यह हनुमद्मूर्ति की प्राचीन परंपरा की ओर संकेत अवश्य करता है।

मूर्तिकला के क्षेत्र में हनुमान के अंकन दो प्रकार से प्राप्त होते हैं—एक तो रामायण के कथादृश्यों में और दूसरे उनकी स्वतंत्र मूर्तियों के रूप में। रामकथा के दृश्यों में तो हनुमान का अंकन ई० सन् की पाँचवी—छठीं से ही आरंभ हो गया था। देवगढ़ (नि० ललितपुर, उ० प्र०) के दशावतार मंदिर की बाह्य भित्तियों पर हनुमान का राम से मिलना, बाली-सुग्रीव युद्ध को देखना, द्रोणाचल लाना आदि दृश्य बने थे। नचना (म० प्र०) से प्राप्त एक शिलाखण्ड पर राम-लक्ष्मण-सुग्रीव के साथ हनुमान की उपस्थिति दिखलाई गई है। यही दृश्य सिंगरौर (शृंगवेरपुर) से भी मिला है (इलाहाबाद सं० २६१)। वाराणसी से प्राप्त एक गुप्त कालीन फलक (भारत कला भवन सं० १६५) पर सेतुबन्ध के दृश्य में हनुमान विद्यामान हैं। चौसा (बिहार) से प्राप्त गुप्तकालीन मृद्फलकों पर भी हनुमान के दर्शन होते हैं।

गुप्तकाल के बाद तो रामकथा के दृश्य अनेक स्थानों से मिले हैं, जिनपर हनुमान के दर्शन होते हैं, और आजतक अविच्छिन्न रूप से होते आरहे हैं।

जहाँ तक हनुमान की स्वतंत्र प्रतिमा की बात है, हमारी जानकारी के अनुसार उनकी कोई मूर्ति आठवीं शताब्दि के पूर्व की ज्ञात नहीं है, जिसका पूजनार्थ

---

१. ध्वजे हि तस्मिन्रूपाणि चक्रुस्ते देवमायया
महाधनानि दिव्यानि महान्ति च लघूनि च।
भीमसेनानुरोधाय हनूमान्मारुतात्मजाः
आत्मप्रतिकृतिं तस्मिन् ध्वजे आरोपयिष्यति ॥
—महाभारत, उद्योग० ५६. ८–९ (गीताप्रेस प्रति पृ० २२२८)

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

प्रयोग होता रहा हो। इस दृष्टि से लखनऊ संग्रहालय की प्रतिहार कालीन अर्ध-खण्डित, किन्तु फिर भी अत्यन्त सुन्दर मूर्ति (छ० सं० सं० ५१-८७) को प्राचीनतम मानना होगा। यहाँ हनुमान की कीर्तिमुख से अलंकृत केशराशि, गले में पड़ी वनमाला और वक्षस्थल पर विराजमान श्रीवत्स चिह्न विशेषरूप से उल्लेखनीय हैं। आठवीं शती की एक दूसरी प्रतिमा भी हमें ज्ञात है, जो राजस्थान के चित्तौड़-गढ़ में बनी थी और अब राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली में विद्यमान है। इसके बाद एक अभिलेख युक्त प्रतिमा का उल्लेख करना होगा। हर्ष संवत् ३१६ (सन् ९२२) की बनी खजुराहो (म० प्र०) में स्थापित इस मूर्ति में हनुमान आलीढ मुद्रा में खड़े हैं। वायें पैर के नीचे एक पुरुष है। उनका दाहिना हाथ ऊपर की ओर उठा है तथा बाँया वक्षस्थल पर रखा है। गले में लम्बी वनमाला है। इसी काल के लगभग की एक अन्य विशाल प्रतिमा इन्दौर (म० प्र०) के केन्द्रीय संग्रहालय (सं० सं० ...., AIIS Neg. No. 322 18) में प्रदर्शित है। इसके दोनों हाथ तो खण्डित हैं, पर मूलरूप में दाहिना स्पष्ट ऊपर की ओर उठा था। कमरबंद से एक छूरी लटक रही है, बाँये पैर से राक्षस कुचला जा रहा है और बगल में एक बानर सेवक खड़ा है। इस प्रतिमा की विशेषता उसके पुच्छलाङ्छन में है। हनुमान की लम्बी लांगूल एक सुन्दर केशवाले पुरुष को कमर से कुण्डलित करते हुए भूमि पर लोटती सी दिखलाई पड़ती है। उससे कुण्डलित होने वाला पुरुष कोई शत्रु नहीं अपितु सेवक है। प्रसन्न मुद्रा में वह दोनों हाथों से अपने स्वामी के पुच्छ को पकड़े खड़ा है, किसी भी प्रकार पीड़ित होने का भाव नहीं है। इसीलिये उसकी पहचान भी सरल नहीं है। एक संभावना विचारणीय है। गुप्तकाल से मुख्यमूर्ति के आयुधों को पुरुष या स्त्री रूप में अंकित करने की पद्धति चल पड़ी थी। तदनुसार मूर्तिकला में चक्र, शंख, गदा, पद्म, त्रिशूल, खट्वांग, वज्र, चाप, बाण, शक्ति, घण्टा आदि के मानवाङ्कन हमें मिल चुके हैं। हनुमान का मुख्य आयुध—प्रहार शक्ति केन्द्र—उनका पुच्छ था जिसका इच्छानुसार वे खुलकर प्रयोग करते थे। आयुध-पुरुषों के अंकन की परिपाटी के परिप्रेक्ष्य में हनुमान के पुच्छ को दोनों हाथों में धारण करने वाला यह सुन्दर एवं प्रसन्न मानव 'लांगूल पुरुष' या 'पुच्छ पुरुष' तो नहीं है। हो सकता है, पर इसे तथ्यरूप में स्वीकार करने के पूर्व हमें अन्य पुष्ट प्रमाणों की प्रतीक्षा करनी होगी।

कलचुरि, चेदि, गहडवाल और चन्देलों के समय हनुमत्-प्रतिमा एवं पूजन की लोकप्रियता बहुत बढ़ जाती है। इस काल की कई प्रतिमाएँ हमें ज्ञात हैं। झाँसी के राजकीय संग्रहालय में स्थापित ललितपुर (म० प्र०) के सिरोन खुर्द से मिली दो मूर्तियाँ (सं० मं० ८१.१७५, ८१.९९), कालिंजर के हनुमान कुण्ड के निकट पर्वत को काटकर बनाई हुई विशाल प्रतिमा, कलचुरीकाल में भेड़ाघाट के गोलकी मठ में स्थित हनुमान, प्रयाग संग्रहालय की गहडवालों के समय की खण्डित पर विशाल मूर्ति (ई० सं० सं० १०७९) आदि कई उदाहरण गिनाये जा सकते हैं।

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

इन सभी मूर्तियों के आधार पर लगभग दसवीं से बारहवीं शती के बीच के हनुमद्विग्रह के निम्नांकित प्रतिमा लक्षण स्थिर किये जा सकते हैं—

(अ) आलीढ या प्रत्यालीढ मुद्रा में खड़े द्विभुज मारुती का दाहिना हाथ मस्तक के ऊपर उठा हुआ रहता है। हथेली खुली रहती है, मानों चपेटाधान करने की तैयारी हो।

(आ) कमरबंद या मेखला से एक छूरी लटकती रहती।

(इ) हनुमान का बाँया हाथ वक्षस्थल पर तर्जनी या वितर्क मुद्रा में दिखलाई पड़ता है। बहुधा हनुमान का मुख फैला हुआ (विवृतास्य) है।

(ई) वे अपने उठे हुए बाँये पैर से राक्षस या कभी-कभी कँकाली राक्षसी को कुचलते रहते हैं। इस राक्षसी की अभी पहचान नहीं हुई है। कदाचित वह लङ्का की नगरदेवता लङ्किनी हो। इसे हनुमान ने सीता की खोज के समय नगरद्वार पर ही पराभूत किया था।

अगली शताब्दियों में हनुमत्पूजन की लोकप्रियता में कोई कमी नहीं आयी। मूर्तियाँ तो हैं ही, अभिलेखीय प्रमाण भी विद्यमान हैं। उदाहरणार्थ राजस्थान के बाँसवाडा से लगभग तीस मील दक्षिण पश्चिम में हनुमान गढ़ी के देव विग्रह पर संवत् ११६५ (सन् ११०८) का परमार शासक विजय राज के समय का नौ पंक्तियों का लेख उत्कीर्ण है। इसी प्रकार हरसूद (म० प्र०) से मिले संवत् १२५५ (सन् ११९८) के एक लेख में एक व्यापारी द्वारा हनुमद्स्थापना किये जाने का उल्लेख है।

कलाकृतियों में हनुमान का विचार करते समय हम कलचुरी और चन्देल राजाओं के सिक्कों को नहीं भूल सकते जिन पर हनुमान के दर्शन होते हैं। ग्यारहवीं शताब्दि में रत्नपूर छत्तीसगढ़ के कलचुरी शासक कलिंगराज, कमलराज, जाजल्लदेव प्रथम और पृथ्वीदेव ने मुद्राओं पर हनुमान का अंकन कराया। पृथ्वीदेव की मुद्राओं पर तो चतुर्भुज हनुमान हैं जो हाथ में गदा लेकर राक्षसों का दमन कर रहे हैं। चन्देल नृपतियों में इस पद्धति का आरम्भ सल्लक्षण वर्मा ने किया और जयवर्मा, पृथ्वीवर्मा और मदनवर्मा ने उसका अनुसरण किया। दक्षिण भारत में यादव राजाओं ने अपनी राजमुद्रा पर हनुमान के साथ गरुड़ को भी अंकित किया है। कदम्ब और होयसल नरेशों ने हनुमान को राज चिह्न के रूप में स्वीकार किया था। पाण्डयों की मुद्राएँ हनुमानाङ्कित हैं। विशेष बात तो यह है कि अर्काट के मुसलमान शासक नवाब महम्मद अली वलना ने भी हनुमच्चिह्न का उपयोग किया है।

सत्रहवीं शताब्दि में महाराष्ट्र के सन्त समर्थ रामदास स्वामी ने तथा उत्तर भारत में उसके बाद गोस्वामी तुलसीदास जी ने मारुती उपासना के प्रचार का मानों बीड़ा ही उठाया था। मूर्तिकला की दृष्टि से इन शताब्दियों में हनुमान के विविध रूप सामने आते हैं, यथा—

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

(१) वीर मारुति—

चन्देल परम्परा के हनुमान वैसे तो वीर हनुमान ही हैं पर सत्रहवीं शती में पहुँचते-पहुँचते एक हाथ में गदा और दूसरे में द्रोणाचल को लेकर आलीढ मुद्रा में स्थित हनुमान वीर मारुति के नाम से पहचाने जाने लगे थे। अब यह प्रकार किंचित परिवर्तनों के साथ अत्यधिक लोकप्रिय हो चुका है। कहीं-कहीं द्रोणाचल नहीं होता अपितु मध्यकालीन परम्परा के अनुसार उनका दाहिना हाथ ऊपर उठा रहता है, मानों चपेटाघात करने ही वाले हो।

वाराणसी स्थिति एक प्रतिभा में तो गदाधारी हनुमान को भरत द्वारा बाण मारे जाने की कथा भी अंकित है।

दास मारुति—

नमस्कार मुद्रा में खड़े हनुमान दासमारुति कहलाते हैं। महाराष्ट्र में नागपूर की ओर यह स्वरूप अधिक लोकप्रिय रहा है।

राम सेवक मारुति—

उपरोक्त दोनों प्रकारों में कभी-कभी हनुमान के कंधों पर राम-लक्ष्मण विराजमान दिखलाई पड़ते हैं।

चतुर्भुज हनुमान—

लखनऊ संग्रहालय की एक धातुमूर्ति में (सं० सं० ४० १३८) लगभग पद्मासन में स्थित हनुमान के घुटने योग पट्ट से बंधे हैं, दोनों साधारण हाथ नमस्कार मुद्रा में जुड़े हैं, परन्तु पिछले दो अतिरिक्त हाथों में चक्र और शंख के दर्शन होते हैं।

विस्मय मुद्रा में हनुमान--

दक्षिण भारत की एक सुप्रसिद्ध धातुमूर्ति में, जो उत्तर चौल काल की है और अब विदेश में है—हनुमान अपने दाहिने हाथ की उँगलियों को आश्चर्य से मुख पर रखे खड़े हैं।

पञ्चमुख हनुमान—

राजस्थान में जोधपुर दुर्ग के बाहर पहाड़ में काटकर बनी लगभग १८ फीट ऊँची हनुमान की पंचमुखी प्रतिमा दर्शनीय है। इस प्रकार की एक चतुर्भुज मूर्ति गुजरात राज्य के तलना नामक स्थान से मिली है। इनमें सिंह, वानर, गरुड़, शूकर तथा ऊपर अश्व के मुख हैं। वाराणसी में भी पञ्चमुखी हनुमान का मन्दिर विद्यमान है।

विद्यार्णव तन्त्र के पञ्चमुख हनुमत्प्रकरण में प्राप्त वर्णनानुसार पञ्चमुख हनुमान का पूर्व दिशा का मुख बानर का है, दक्षिण की ओर का सिंह का, पश्चिम की ओर

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

गरुड़ का, तथा पाँचवाँ ऊर्ध्वमुख है जो अश्व का है। स्पष्ट है कि गुजरात वाली मूर्ति इस तान्त्रिक ध्यान से मेल खाती है।

पञ्चमुख हनुमान के मुखों की रचना पर थोड़ा विचार करते ही लगता है कि इस प्रकार की रचना का मूलाधार कदाचित प्राचीन वैकुण्ठ विष्णु की मूर्तियाँ हैं। गढ़वा से प्राप्त एक गुप्त कालीन वैकुण्ठ मूर्ति (ल० सं० सं०) में दाहिनी ओर सिंह, बाँयी ओर वराह और सिर के ऊपर अश्वमुख का अभाव है, मध्यमुख मानव का है। मथुरा से प्राप्त एक अन्य समकालीन वैकुण्ठ (म० सं० सं० ४२-४३—२९८९) प्रतिमा में भी यही व्यवस्था है, केवल ऊर्ध्वमुख या अश्वमुख का अभाव है। गुप्तकालीन वैकुण्ठ मूर्तियों में पिछला मुख नहीं दिखलाई पड़ता, जो कश्मीर की मध्यकालीन कला में राक्षस मुख के रूप में प्रगट होता है। खजुराहो संग्रहालय में प्रदर्शित एक चन्देल कालीन वैकुण्ठमूर्ति में यही पिछला मुख अश्व का है। इस प्रकार यह बात स्पष्ट होती है कि वैकुण्ठ विष्णु के मानवमुख के स्थान पर हनुमान का सहज मुख अर्थात् बानरमुख स्थापित किया गया, सिंह, वराह और अश्व वैसे ही रहे, पीछे की ओर गरुड़ का मुख आया, और पञ्चमुख हनुमान की निर्मिति की गई। मध्यकालीन वैष्णव परिकर देवताओं में हनुमान और गरुड़ का नैकट्य विद्यमान है।

रावण

रामायण कथा दृश्यों के अतिरिक्त कुछ अन्य कथा प्रसंगों में भी हमें कला के क्षेत्र में रावण के दर्शन होते हैं। मुख्य कथा है रावणानुग्रह की। लंका को शिव-पार्वती से सुशोभित करने की इच्छा से रावण का उन दोनों के सहित समूचे कैलास पर्वत को हाथों से उठा लेने का प्रयत्न करना, शिव का अपने अंगूठे से कैलास को दबाना, फलस्वरूप रावण का अतिरिक्त भार से दबकर हतगर्व होना और वीणा बजाकर शिव का स्तवन करना इस कथा के महत्त्व के बिन्दु हैं। रावणानुग्रह की कथा का कला में अंकन गुप्तकाल से आरम्भ होकर मध्यकाल की समाप्ति तक अक्षुण्ण रूप से चलता है। इन अंकनों में हमें रावणके कई रूपों के दर्शन होते हैं। आज हम उन्हीं की संक्षेप में चर्चा करेंगे।

रावणानुग्रह मूर्ति का कदाचित प्रथम प्रारंभिक अंकन हमें मथुरा से प्राप्त एक शिलाखण्ड (म० सं० से० ३५-२५७७) पर मिलता है। यहाँ रावण को स्थूलशरीर और विकृतमुख राक्षस के रूप में अंकित किया गया है। मस्तक एक ही है और हाथ केवल दो।

मध्यकाल में रावणानुग्रहमूर्ति की लोकप्रियता काफी बढ़ गई। शिव-पार्वती के आसन के नीचे रावण के निम्नांकित रूप दिखलाई पड़ते हैं—

(१) एक मुख चतुर्भुज रावण – पिछले दो हाथों से वह कैलास को उठाने का प्रयास कर रहा है, पर अगले दो हाथों से वह वीणा बजा रहा है। (इलाहाबाद सं० केटलाग ४२६, रानीमहल झाँसी संग्रह सं० २१,३४,३६)।

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

(२) एक मुख द्विभुज रावण—इस प्रकार में वीणा नहीं होती। वह अपने बाँये हाथ से शिव-पार्वती का आसन उठाने का प्रयत्न कर रहा है, तथा बाँये में तलवार धारण किये है। (रानी महल, झाँसी संग्रह सं० ६२)।

(२) (अ) वही प्रकार किन्तु अगल बगल नमस्कार मुद्रा में एक स्त्री विद्यमान है (भोपरदेव मंदिर, राजनांदगाव, महाराष्ट्र)।

(३) एक मुख षड्भुज रावण—पिछले दो हाथों से कैलासोत्थापन, बीचवाले दो में से एक में ढाल और दूसरे से विरोधी शिवगण की टांग खींचना, साधारण दाहिने में खड्ग बाँया जानुविन्यस्त—यह स्थिति रावण के इस रूप में दृष्टिगोचर होती है (छ० सं० सं० जी० २२१)।

(४) तीन मुखों वाला चतुर्भुज या षडभुज रावण—यहाँ रावण के हाथों में तलवार और वीणा दोनों के ही दर्शन होते हैं।

(५) दशानन रावण—रावण का दशानन रूप मध्यभारतीय कला में कम मिलता है, पर उसका प्रारंभ गुप्तकाल से हो जाता है। देवगढ़ (ललितपुर, उ० प्र०) के स्थानीय संग्रहालय में सुरक्षित एक चैत्य गवाक्ष में रावण द्वारा अपने मस्तकों को काटकर शिवपूजन संपन्न करने की कथा का अंकन है। यहाँ पर शिवलिंग के सम्मुख पड़े ६ शिर तो स्पष्ट हैं, और भी होंगे।

हिंगलानगढ़ (मंदसोर, म० प्र०) से मिली रावणानुग्रहमूर्ति में, जो अब केन्द्रीय संग्रहालय, इन्दौर में विद्यमान है, पंचमुखी रावण दिखलाई पड़ता है उसके पीछे की ओर के पाँचमुखों को जो अदृश्य हैं—मिलाने पर दस की संख्या पूरी हो जाती है। ऐसा ही रावण एलोरा की प्रसिद्ध रावणानुग्रहमूर्ति में भी दृष्टिगोचर होता है।

रावण का रासभमुख—

रावण के दसमुखवाली बात तो साहित्य से परिपुष्ट है, पर उसके एक अन्य मुख के विषय में साहित्य मौन है। यह है उसका रासभया गर्दभमुख। कला में रावण के सामान्य मुखों के ऊपर उसका अंकन हुआ है। इसका ठेठ गुप्त कालीन उदाहरण एक उस काल का मृद्फलक है, जो इस समय राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली में सुरक्षित है। ढलते गुप्तकाल का दूसरा नमूना मूसानगर (घाटमपुर तहसील कानपुर, उ० प्र०) से प्राप्त एक रावणानुग्रह प्रतिमा में मिलता है, जिसका अब केवल अधोभाग ही अवशिष्ट है। इसे लेखक ने वहीं मुक्तादेवी के मन्दिर में देखा था।

कलचुरी, चन्देल और गहडवाल कालीन रावणानुग्रह प्रतिमाओं में यह कई स्थानों पर देखा जा सकता है। रानी दुर्गावती संग्रहालय, नवालपुर में एक ऐसी

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

भी मूर्ति है जिसमें रावण के मस्तक पर केवल रासभमुख ही नहीं, अपितु अपने अगले पैरों को ऊपर उठाये पूरा आवक्ष गधा के बनाया गया है।

गर्दभमुखयुक्त रावण का अंकन राजस्थानी चित्रकला में भी मिलता है। आज भी उत्तरप्रदेश में विजयादशमी के अवसर पर राम द्वारा वधार्थ निर्मित रावण के बृहत्काय पुतलों पर गदहे का मुख बना रहता है। यही नहीं रामलीला के लिये प्रयोग में लाये जाने वाली रावण की मुखावली में इसके दर्शन होते हैं।

कला के क्षेत्र में दृष्टिगोचर होने वाली रावण के रासभमुखवाली लम्बी परंपरा का साहित्यिक आधार मुझे अब तक नहीं मिला है। श्री शिवराममूर्ति जी ने रावण के रासभ मस्तक को उसकी मूर्खता का द्योतक माना है पर अभी अधिक पुष्ट प्रमाणों की आवश्यकता बनी हुई है।

•

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

गुप्त शिल्प में रामायणी दृश्य

डॉ० मंजूश्री राव

सहायक प्रोफेसर प्राच्य निकेतन, बिड़ला म्यूजियम, भोपाल, (म० प्र०)

राम कथा संभवतः ६वीं शती ई० पू० से आरम्भ हुई और ३री शती ई० पू० से ३री शती ईसा के बीच रामायण की रचना की गयी। भारतीय शिल्प में रामचरित का अंकन पहले-पहल गुप्तकालीन स्मारकों में हुआ। झाँसी जिले (देवगढ़) के अंतर्गत बेतवा के किनारे खड़ा ६वीं शती ईसा का विष्णु मंदिर जो देवगढ़ में है, अपनी रामायणी दृश्यों के लिये अति प्रसिद्ध है।

औरंगाबाद से २५ कि० मी० उत्तर-पश्चिम में स्थित एलौरा का कैलास-मन्दिर अर्थात् रंगमहल अपने वास्तु-विन्यास और मूर्तिकला के लिये जग प्रसिद्ध है। इसके वृहद आँगन की दालानों में बयालीस पौराणिक दृश्यों का हृदयग्राही अंकन है। इनमें से कुछ रामायणी दृश्य भी हैं। कैलास की तिथि आठवीं शती मानी गई है।

नवादा जिले में नवादा से लगभग ३० कि० मी० लगभग उत्तर-पूर्व की ओर सकरी नदो के दायें किनारे पर अफसढ़ नाम का गाँव स्थित है। यहाँ पर अनेक खण्डहर हैं जिसमें विष्णु मन्दिर एवं मठों के अवशेष समाये हुए हैं। कुछ वर्ष पूर्व कुछ गाँव वालों ने यहाँ एक टीले का उत्खनन करवाया। यहाँ से आयताकार आठ ताखों में बने सुधामयी चित्रों (Stucco) में रामायणी कथा प्रदर्शित की गयी है। इस तरह का चित्रण देवगढ़ या सहेत महेत में नहीं है।

यहाँ पर अंकित दृश्यों में शूर्पणखा की दुर्गति को छोड़कर जो गौड़ीय रामायण पर आधारित है, शेष सभी बालमीकि रामायण से मेल खाते हैं।

गुप्त एवं प्रतीहारों के समय नचना कला एवं स्थापत्य का महत्वपूर्ण केन्द्र था। इस स्थान पर फुटकर स्थापत्य खण्डों के साथ-साथ रामायणी दृश्यों से सम्बन्धित पट्ट भी हैं जो भूरे बलुआ पाषाण से निर्मित हैं। नचना की मूर्ति कला में चुने हुये रामायणी कथा के प्रसंग दर्शाए गये हैं। इसका प्रारंभ शूर्पणखा की नाक काटने से लेकर लंका के राजा रावण के साथ हनुमान की प्रथम मुठभेड़ तक का चित्रण मिलता है।

श्रावस्ती के उत्खनन, बिहार के चौसा नामक स्थान, शृंगवेरपुर, बनारस आदि स्थानों से रामायणी दृश्यों से सम्बन्धित सामग्री प्राप्त हुई है।

इन सभी स्मारकों के दृश्यों का विस्तृत वर्णन निम्न प्रकार है :—

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)



इस लेख के फलक २, ३ और ४ के लिये देखें—डा० चित्तरंजन प्रसाद सिन्हा का लेख 'रामायण सीन्स इन बिहार स्कल्पचर (Ramayan Scenes in Bihar Sculpture) के क्रमशः Fig. 1, 8 एवं 2

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

वाल्मीकि आश्रम (देवगढ़)

यह दृश्य एक स्तम्भ पर अंकित है। अपने आश्रम में बैठे महर्षि वाल्मीकि शिष्य भारद्वाज को राम की गाथाएँ सुना रहे हैं। दोनों ऋषि मोढ़ों पर बैठे हैं। बीच में एक मूर्ति ब्रह्मा की जान पड़ती है।

वन गमन (देवगढ़)

इस दृश्य में राम, लक्ष्मण और सीता वन की ओर जा रहे हैं। राम के बाएँ लक्ष्मण और दायें सीता हैं। राम अपना धनुष बाँयें कंधे पर और लक्ष्मण अपना धनुष बाँयें हाथ में लिये हैं। सीता ने मेखला, कुण्डल, एकावली और वलय धारण किया है। ये आभूषण उन्हें सती अनसुईया ने दिये थे।

गंगावतरण (एलौरा) (फलक १)

कैलास-मंदिर के सामने उत्तर में एक ऐसा वास्तुपट्ट है, जिसमें उमा समेत चतुर्भुज शिव राक्षस की पीठ पर खड़े हुए हैं। दाहिने हाथ में वे अपने केशों की एक लट पकड़े हैं, जो उनके मुकुट के सिरे से निकलती है। स्त्री-मूर्ति रूपी गंगा की धारा लट से निकलकर जह्नु ऋषि तक पहुँचती है। वे उसे पी जाते हैं और तब गंगा उनके दाहिने कान के पास से निकलती हैं और पर्वत की चट्टानों में जा गिरती हैं। गंगा की मूर्ति के पास हाथ जोड़े तथा दाहिने पैर पर खड़े होकर तपस्या करते हुए राजा भगीरथ हैं। निचले भाग में संभवतः सप्तसिंधु की प्रतीक सात मूर्तियाँ हाथ जोड़े खड़ी हैं। ऐहोल की ब्राह्मण-गुफा में भी गंगावतरण का दृश्य अंकित है। किन्तु इसमें गंगा, यमुना तथा सरस्वती हाथ जोड़े हैं। शिव अपने पिछले हाथों में लटें पकड़े हैं। उनके दायें कृच्छतपस बायें पैर पर खड़े हुए और आकाश की ओर दोनों हाथ उठाए भगीरथ विद्यमान हैं। जयपुर ऐहोल की ब्राह्मण-गुफा में भी गंगावतरण का दृश्य अंकित है। किन्तु इसमें गंगा, यमुना तथा सरस्वती हाथ जोड़े हैं। शिव अपने पिछले हाथों में लटें पकड़े हैं। उनके दायें कृच्छतपस बायें पैर पर खड़े हुए और आकाश की ओर दोनों हाथ उठाये भगीरथ विद्यमान हैं। जयपुर राज्य के साँभर स्थान पर एक घड़े के ऊपर त्रिनेत्र शिव और नग्न स्त्री-मूर्ति रूपी गंगा के अंकन का आभास मिलता है।

गंगा पार करते हुए राम सीता एवं लक्ष्मण (अफसढ़) (फलक २)

इस दृश्य में आड़ी तिरछी रेखाओं द्वारा गंगा के जल प्रपात का प्रदर्शन किया गया है। जल में कच्छप, मत्स्य आदि जन्तु विद्यमान हैं। एक विशाल नौका जल पर आगे बढ़ रही है। पतवार लिये हुये निषद् नौका में सबसे आगे हैं। उसके पीछे अभय मुद्रा का प्रदर्शन करते हुये धनुर्धारी तपस्वी राम हैं। उनके शरीर पर छन्नवीर सुशोभित है। उनके पीछे तपस्विनी सीता हैं। सीता के पीछे धनुर्धारी छन्नवीर धारण किये तपस्वी लक्ष्मण हैं। चारों मूर्तियों के सिर टूट गये हैं।

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

चित्रकूट में भरत मिलाप (अफसढ़) (फलक ३)

चित्रकूट में एक वृक्ष के नीचे राम लक्ष्मण और सीता बैठे हैं। अचानक दूर क्षितिज में धूल देख पड़ती है। लक्ष्मण को शंका होती है कि भरत ने राज्यमद में चूर होकर सैन्य सहित हम लोगों को विनष्ट करने हेतु बढ़े चले आ रहे हैं। वे शीघ्र पेड़ पर चढ़ जाते हैं और वहाँ से राम और सीता को चेतावनी भरे स्वर में कहते हैं कि अयोध्या के राजा भरत बड़े वेग से आक्रमण हेतु बढ़े चले आ रहे हैं। यह दृश्य उसी घटना का है। बाद में भरत जब सन्निकट पहुँचे और बड़े भाई से भक्तिपूर्वक मिले और राम को अयोध्या वापस चलने को कहा तो लक्ष्मण का क्रोध शान्त हुआ एवं आकांक्षाओं का समाधान भी।

राम सीता लक्ष्मण गुरू भारद्वाज के साथ (अफसढ़) (फलक ४)

प्रयाग के ऋषि भारद्वाज के समीप राम-सीता एवं लक्ष्मण घुटनों के बल एक वृक्ष के साये में बैठे हैं। राम की कहानी सुनने के पश्चात भारद्वाज ने उनकों एवं उनके साथियों को भोजन कराया। ऐसा कहा जाता है कि ऋषि ने उनको एक वृषभ भी प्रदान किया। पट्ट में ऋषि के पैर के बाँयें कोने में वृषभ (क्षतिग्रस्त) दर्शाया गया है। यह दृश्य ठीक वैसा ही चित्रित किया गया है जैसा कि रामायण (११, ५४, १२ १८) में वर्णित है।

राम-भरत मिलन से पूर्व का दृश्य (अफसढ़)

भरत अयोध्या से चित्रकूट में सेना सहित जिसमें झूल से अलंकृत हाथी एवं घोड़े सम्मिलित थे, राम से मिलने आये (११, ९६, १२-१३) ऐसा लक्ष्मण ने राम को बताया।

राम-भरत मिलन (अफसढ़)

इस दृश्य में भरत घुटने टेक कर राम के चरणों पर गिरते हैं। राम उन्हें आलिगन करते हैं। सीता एवं लक्ष्मण इस दृश्य को (खण्डित) देख रहे हैं। रामायण में दिये गये प्रसंग से यह दृश्य मेल खाता है।

अत्रि मुनि के आश्रम में राम (देवगढ़)

इस दृश्य में राम और अत्रि मुनि शिला पर बैठे हैं। लक्ष्मण पीछे खड़े हैं। आगे सीता भूमि पर दाहिना हाथ टेके बैठी हैं। उनके पीछे सती अनसुईया विराजमान हैं, इनका हाथ सीता जी के सिर पर रखा है और इनके दाहिने पैर के पास दो पक्षी विचर रहे हैं। वार्तालाप एक वृक्ष के नीचे हो रहा है। अत्रि मुनि बाएँ हाथ में ग्रंथ लिए दाहिना हाथ उठाकर राम को कुछ समझा रहे हैं। यहाँ सीता को जटाजूटधारिणी दिखाया गया है और वे संभवतः पुष्पाभरण पहने हुई हैं।

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

दंडकवन में राम (देवगढ़)

दृश्य उस समय का है, जब शूर्पणखा के रोने-धोने पर खरदूषण ने दल-बल सहित राम पर चढ़ाई की थी। यहाँ राम और लक्ष्मण को राक्षसों का वध करते हुए दर्शाया गया है। राम धनुष पर बाण-संधान कर रहे हैं और लक्ष्मण अपने धनुष पर डोरी चढ़ा रहे हैं। राम के बाईं ओर स्थित अशोक-वृक्ष वन का द्योतक है।

राम-सीता (नालन्दा) (फलक ५)

नालन्दा में भी एक ऐसा दृश्य है जो पंचवटी अर्थात दण्डक–वन में वृक्ष के नीचे बैठे धनुर्धारी राम और सीता के वार्तालाप में संलग्न प्रदर्शित करता है।

शूर्पणखा की दुर्गति (देवगढ़)

राम एवं लक्ष्मण छन्नवीर धारण किये हुये हैं। राम के तरकश में बाण भरे हुये हैं। लक्ष्मण के हाथ में तलवार है।

पंचवटी के इस दृश्य में शिला पर बैठे हुए राम दाहिने हाथ से लक्ष्मण को कुछ संकेत कर रहे हैं। लक्ष्मण खड़े हैं और बाएँ हाथ से लौटती हुई शूर्पणखा का झोंटा पकड़े हुए हैं और अपने उठे हुए दाहिने हाथ में एक कटार थामे हुए हैं। शूर्पणखा की व्याकुलता और अपने कार्य में लक्ष्मण की तत्परता दर्शनीय है।

राम और सीता का पंचवटी–निवास नालन्दा के उक्त मन्दिर की चौपट्टी सं० १०३ में भी दिखाया गया है।

शूर्पणखा की दुर्गति (नचना कुठार) (फलक ६)

पंचवटी में जहाँ वृक्ष पुष्पों से आच्छादित है राम एवं सीता आनन्द के साथ बैठे वार्तालाप कर रहे हैं। शूर्पणखा सुन्दर युवती का रूप धारण कर लक्ष्मण के साथ प्रणय लीला करना चाहती है, जो उसके पास खड़े और कान बंद किये हैं। उनके हाथ प्रतिरोध प्रदर्शित करते हैं। शूर्पणखा को प्रणय लीला में अग्रसर होते देख लक्ष्मण घृणावश आगे बढ़ने लगते हैं।

इस पट्ट में अंकित मूर्तियाँ पुरुष एवं स्त्री की सौन्दर्यात्मकता के श्रेष्ठ आदर्श का प्रतिनिधित्व करती हैं। आकृतियाँ एकावली एवं अत्यल्प आभूषणों से युक्त प्रदर्शित हैं। अधो वस्त्र एवं दुपट्टा ऐसा प्रभाव दे रहा है मानो गीला हो, जिससे कि शरीर के घुमाव एवं आकार-प्रकार पूर्णतः लक्षित होते हैं।

सीता सौन्दर्य की मूर्तिमान आदर्श हैं। उनका मुख अण्डे के आकार का है। उनका शारीरिक गठन अतीव सुन्दर है। उनके अधरोष्ठ मोटे प्रदर्शित किये गये हैं। सीता को अत्याधिक मनोरम क्रम से घुंघराले जल प्रपात जैसे बालों से आच्छादित दर्शाया गया है। पीछे धम्मिल शैली में वेणी गुथी हुई प्रदर्शित की गई है।

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

सीता की तुलना में शूर्पणखा को कोमल एवं सुकुमार शरीर वाली तरुणी के रूप में दर्शाया गया है। उसके बालों का जूड़ा अत्याधिक लम्बा है और वो सुस्पष्ट चंचल मुद्रा में प्रदर्शित की गई है। राम एवं लक्ष्मण जटा जूट धारण किये, चौड़े वक्ष-स्थल एवं अण्डाकार मुख-युक्त प्रदर्शित किये गये हैं। वे फुर्तीले, शक्ति तथा गरिमा युक्त प्रतीत होते हैं। यह दृश्य ५८ सें० मी० लम्बे एवं ३३ सें० मी० ऊँचे भूरे पाषाण पत्थर पर अंकित हैं।

वाल्मीकि रामायण के आलोचनात्मक संस्करण में शूर्पणखा अचानक तब प्रकट होती है, जबकि गोदावरी में स्नान करके राम एवं सीता आराम से चर्चा में लीन होते हैं। शूर्पणखा भयंकर राक्षसी थी जिसको अपने रूप का झूठा अभिमान था एवं जो राम के प्रथम दर्शन में ही मुग्ध हो गई थी। स्वयं को सुन्दर एवं सीता को कुरूप तथा राम के योग्य नहीं ऐसा राम को समझाकर वे उसे अपनी पत्नी के रूप में स्वीकार करलें, ऐसा प्रस्ताव उसने रखा। व्यंग से राम ने शूर्पणखा के रूप की प्रशंसा करते हुए उसको यह मंत्रणा दी कि वे अपनी पत्नी के साथ हैं स्वयं वह (शूर्पणखा) इतनी सुन्दर है कि वे उसे दूसरी स्वपत्नी बनाने में असमर्थ हैं। राम ने लक्ष्मण जिनकी पत्नी साथ में नहीं थी, के पास जाने को कहा जो उनसे आयु में भी अल्प एवं देखने में भी सुन्दर थे एवं हर दृष्टि से उसके उपयुक्त थे।

तत्पश्चात् वह लक्ष्मण के पास जाती है, लक्ष्मण भी उस अल्प बुद्धि राक्षसी का हास्य करते हैं और कहते हैं कि वे तो मात्र राम के सेवक हैं और स्वेच्छा से कुछ भी नहीं कर सकते और वे स्वयं इतनी अच्छी हैं एवं सुन्दर हैं कि दास के लायक नहीं हैं। अपनी राक्षसी प्रवृत्तियों के कारण शूर्पणखा ने सीता पर आक्रमण किया तब राम ने लक्ष्मण से उसको कुरूप करने को कहा।

वाल्मीकि रामायण में वर्णित शूर्पणखा के रूप से नचना की शूर्पणखा मेल नहीं खाती। नचना में इसे सुन्दर रूप वाली दर्शाया गया है। लक्ष्मण को यहाँ सुन्दर रूप वाला नवयुवक दर्शाया गया है जो उसकी लीलाओं से क्षुब्ध होकर आगे बढ़ जाते हैं। जबकि वाल्मीकि रामायण में उस मन्द बुद्धि शूर्पणखा के साथ लक्ष्मण हास्य करते हुये उसे मूर्ख बनाते हुये बताये गये हैं। परन्तु नचना में प्रदर्शित लक्ष्मण एक गम्भीर नवयुवक के रूप में हैं।

नचना के कलाकारों ने वाल्मीकि रामायण को नहीं बल्कि दूसरी पुस्तक एवं परम्परा को माना है। उत्तर-पूर्व की पाठ संशोधित या गौड़ीय रामायण में शूर्पणखा को अति चित्ताकर्षक वर्णित किया है। जबकि वह राम का हृदय जीतने हेतु उनके समक्ष उपस्थित होती है।

शूर्पणखा राम को देखकर प्रथम दृष्टि में ही कामातुर हो उठी और राम को अपने सौन्दर्य का प्रलोभन देकर सम्मोहित करने के लिये वह कृतसंकल्प हो गई। इस प्रकार का वर्णन गौणीय रामायण में मिलता है।

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)



चित्र ६—शूर्पणखा की दुर्गति (नचना कुठार) ६वीं शती



चित्र ८—सीताहरण (एलोरा) ८वीं शती

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)



चित्र ११—बालि और सुग्रीव युद्ध (नचना कुठार) ६वीं शती



चित्र १२— बालि वध (नचना कुठार) ६वीं शती

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

सीताहरण (देवगढ़ एवं नालन्दा) (फलक ७)

इस दृश्य में रावण सीता को डरा धमका कर उन्हें उठा ले जाने की फिराक में है। सीता धराशायी हो गई हैं। रावण झुक कर उन्हें उठा रहा है। नालंदा के उक्त मंदिर की चौपट्टी सं० १०२ में लंकाधिपति को तीन मुख और छः भुजाओं वाला दिखाया गया है। अपने तीन दाहिने हाथों में वह धनुष, खड्ग और कर्त्तरी लिए हुए है। उठे हुए बाँए हाथ में वह दोपट्टा तथा निचले बाएँ हाथ में बाण लिए हुए है। बिचले हाथ से वह तर्जनी मुद्रा का प्रदर्शन करते हुए सीता को त्रस्त कर रहा है। उसके गतिशील पैरों से ऐसा भासित हो रहा है कि वह आकाश में उड़ रहा है। सीता मुँह फेर कर बैठी हैं। स्पष्ट है कि वे रावण के कुकृत्य से पूर्णरूपेण संतप्त हैं।

सीताहरण (नचना कुठार) (फलक ८)

रावण जटा जूट युक्त भिक्षुक के रूप में, दायें हाथ में भिक्षा-पात्र एवं कंधे पर दण्ड-कमण्डल लिए सीता के समक्ष उपस्थित होता है। वह भिक्षा-याचना करता है। सीता खाद्यान्न का कटोरा लिए आगे बढ़ रही हैं। रावण उन्हें और अधिक समीप आने को कहता है। सीता को इस दृश्य में शान्त, अतीव मनोहारी एवं प्रभावशाली ढंग से चित्रित किया गया है। वे भिक्षा देने के लिए आगे बढ़ती हैं लेकिन उन्हें पीछे की ओर झुकना पड़ता है, क्योंकि निर्लज्ज भिक्षुक अपने भिक्षा पात्र को बढ़ाकर उसे अपनी ओर खींचना चाहता है। यह दृश्य दोनों ओर हरे-भरे वनों के बीच अति सुन्दर ढंग से प्रदर्शित किया गया है। बाँयीं ओर अशोक वृक्ष एवं दाँयीं ओर नागेश्वर का वृक्ष जिसके तने पुष्पों से आच्छादित हैं, राक्षस रावण एवं सीता इनके बीच प्रदर्शित हैं।

वाल्मीकि रामायण में यह वर्णित है कि किस प्रकार रावण सीता से छल करके राम-लक्ष्मण को दूर भेजकर, स्वयं भिक्षुक का वेश धारण कर छल पूर्वक उनको हर ले गया। इस वर्णन के अनुसार ही यह दृश्य अंकित है। इस तरह का चित्रण अन्यत्र नहीं देखने को मिलता।

सीताहरण (नालन्दा)

नालन्दा के एक दृश्य से ऐसा लगता है कि रावण ने सीता का चीर अपने बाँयें हाथ से हरण कर लिया है। चित्र में रावण को तीन मुख वाला दर्शाया गया है। ये तीन मुख उसके दशानन होने का संकेत देते हैं। सीता अपना बाँया हाथ ऊपर उठाये और दाहिना हाथ विमान की भूमि पर टिकाये हैं। उनके शरीर पर न कोई वस्त्र है, न आभूषण। वे मुँह फेरकर बैठी हैं और उग्र रूप रावण से अपने को बचाने के प्रयास में हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि नालन्दा के ये रामायण सम्बन्धी दृश्य वहाँ पर प्राचीन हिन्दू मंदिर के चबूतरे पर अंकित हैं।

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

सीताहरण (एलौरा) (फलक ९)

इस दृश्य में रथ पर एक मूर्ति बैठी है। एक पुरुष-मूर्ति ढाल-तलवार लिए हुए एक पक्षी की ओर झपट रही है। पक्षी भी अपनी चोंच से पुरुष-मूर्ति पर आक्रमण कर रहा है। पक्षी का बाँया पैर कट गया है। संम्भवतः दृश्य सीता-हरण का है, जबकि जटायु ने पंचवटी में सीता को हर ले जाने वाले रावण से युद्ध किया था।

अहल्योद्धार (देवगढ़)

यह दृश्य उस समय का है जब दाशरथि राम और लक्ष्मण मुनि विश्वामित्र के साथ धनुष-यज्ञ देखने मिथिला जा रहे हैं। रास्ते में उन्हें गौतम-आश्रम दीख पड़ा। वहाँ उन्हें एक शिला भी दीख पड़ी। पूछने पर विश्वामित्र ने बताया कि यह शिलारूप गौतम-नारी है, जिसकी यह दशा शापवश हुई है। दृश्य में धनुषधारी राम अपना दाहिना पैर और दाहिना हाथ अहल्या के सिर पर रक्खे हैं। अहल्या के हाथों में राम का दाहिना पैर है, जिस पर वह पुष्पांजलि चढ़ा रही हैं। पीछे खड़े धनुर्धर लक्ष्मण विस्मयपूर्वक प्रभु-लीला देख रहे हैं। विश्वामित्र जी एक दूसरी शिला पर बैठे प्रसन्नवदन राम से सारी घटना का विस्तार कह रहे हैं। पृष्ठभाग में सूर्यमुखी पुष्प और आम्रवल्लरियाँ झूम रही हैं।

राम और अहिल्या (नालन्दा) (फलक १०)

नालन्दा के मन्दिर सं० २ की चौकी के चारों ओर लगे हुए पत्थर के चौपटिए ७वीं शती के हैं। इनमें से एक में अहल्योद्धार का दृश्य दिखाया गया है। दृश्य में धनुर्धर राम खड़े हैं और दाहिने हाथ से शिला को छू रहे हैं। राम के सम्मुख शिला से सटी हुई, हाथ जोड़े, घुटने टेके अहिल्या बैठी हैं।

किष्किधा में राम (देवगढ़)

इस पट्ट पर राम, लक्ष्मण और सुग्रीव प्रदर्शित हैं। राम के कहने पर लक्ष्मण सुग्रीव को हार पहिना रहे हैं। सुग्रीव और वालि रंग रूप में इतने मिलते-जुलते थे कि मल्ल युद्ध के समय राम वालि को पहिचान न पाते थे, इसीलिए वे वालि पर बाण न चला पाते थे।

राम भक्त सुग्रीव (देवगढ़)

देवगढ़ के एक प्रदर्शन में पट्ट पर गदाधारी सुग्रीव अपनी ठोढ़ी पर अंगुली टिकाए राम के अलौकिक क्रिया-कलापों पर आश्चर्य व्यक्त कर रहे हैं। सम्भवतः सात साल वृक्षों को एक ही संधान में छेद डालने वाली घटना का सुग्रीव पर अत्यधिक प्रभाव पड़ा है और वे आश्वस्त से देख पड़ते हैं कि राम उनके प्रतिद्वंदी वालि को मार कर उनके संतापों का अन्त कर देंगे। यह दृश्य किष्किधा नगरी का है।

वालि और सुग्रीव युद्ध (देवगढ़)

किष्किधा में हुए वालि और सुग्रीव के मल्लयुद्ध का प्रदर्शन इस पट्ट पर किया

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

गया है। सुग्रीव ने अपने शक्तिशाली प्रतिद्वंदी को भूमि पर पछाड़ दिया है। पास ही गदाधारी हनुमान भी खड़े हैं।

वाली सुग्रीव युद्ध (नचना-कुठार) [फलक १२-१३]

किष्किधा के वन में वालि एवं सुग्रीव को आपस में संघर्षरत अर्थात् एक-दूसरे पर पत्थर का प्रहार करते हुए दर्शाया गया है। आश्चर्यचकित राम एवं लक्ष्मण जिनकी वेषभूषा योद्धाओं की है एवं जो छन्नवीर एवं धनुष धारण किए हुए हैं एक किनारे खड़े हैं। दोनों बानर भ्राता इतने अधिक देखने में समान हैं कि राम एवं लक्ष्मण उन्हें पहिचानने में असमर्थ हैं। दोनों बानर प्रमुख अतीव शक्तिशाली प्रदर्शित किए गए हैं। राम एवं लक्ष्मण के व्यवहार में झिझक झलकती है। नचना कुठार से प्राप्त पाँचवे पट्ट में उपरोक्त आकृतियाँ कुछ परिवर्तन के साथ पुनः प्रदर्शित की गई हैं। बानर भ्राता आपस में एक दूसरे पर पत्थर प्रहार कर रहे हैं। सुग्रीव माला धारण करने के कारण दोनों में सुग्रीव कौन है, यह पहचाना जा सकता है। लक्ष्मण उसी तरह खड़े हैं जबकि राम निशाना लगाकर तीर से वालि को मारने हेतु उद्यत देख पड़ते हैं। आकृतियों में शौर्य का समावेश करने में कलाकार असफल रहा है।

वालि सुग्रीव युद्ध (एलोरा) [फलक १२]

कैलाश मन्दिर के आँगन के दक्षिण दालान में यह दृष्य अंकित है। इसमें वालि और सुग्रीव परस्पर गुथे हुए हैं और एक दूसरे पर प्राणान्तक प्रहार करने में लगे हैं।

शृगेंश्वर से प्राप्त एक वस्तु खंड में सुग्रीव अन्य बानर प्रमुख एक समूह में दर्शाये गये हैं। (हनुमान या अंगद) जो तीर एवं तरकश एवं छन्नवीर धारण किए राम एवं लक्ष्मण के पास मुकुट पहने खड़े हैं।

राम और हनुमान (देवगढ़)—श्रीराम एवं उनके अनन्य भक्त अंजनी पुत्र हनुमान की प्रथम भेंट इस चौपट्टी का विषय है। यह भेंट ऋश्यमूक पर्वत के आस-पास हुई थी। इस पर्वत पर रहने वाले बानर राज सुग्रीव ने जब राम और लक्ष्मण को अपनी ओर आते देखा तो संशकित होकर हनुमान को उनके पास यह जानने के लिए भेजा की कहीं यह लोग वालि के भेजे हुए तो नहीं है। यदि ऐसा हो तो वह अपने दल सहित ऋश्यमूक पर्वत छोड़कर अन्यत्र चला जाए।

राम और हनुमान (नचना कुठार) [फलक १४]—यह दृश्य पंपा वन का है। जटाजूटधारी छन्नवीर धारण किए पुष्पित अशोक वृक्ष के नीचे एक पत्थर पर राम एवं लक्ष्मण बैठे हुए हैं। राम का दाँया हाथ वितर्क मुद्रा में वृक्ष के समीप प्रदर्शित किया गया है। हनुमान नमस्कार मुद्रा में चौकी के नीचे भू पर घुटने के दल पथली मारे दोनों भाईयों के समक्ष बैठे हैं। बानरों का एक जोड़ा राम लक्ष्मण के पीछे है।

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

वालि-वध (एलौरा) [फलक १५]—पट्ट संख्या (क) के निचले भाग में मरणोन्मुख वालि को एक अन्य बानर (सुग्रीव) थामे हुए है। बांई और सम्भवतः तारा खड़ी हैं और बालक अगंद राम के पैरों की वन्दना कर रहा है। राम अपने दाहिनें हाथ से उसे सांत्वना दे रहे हैं। रामानुगामी लक्ष्मण उनके पीछे खड़े हैं। सम्भवतः दृश्य वालि वध के समय का है, जबकि उसने अगंद और तारा की सुरक्षा का भार राम और सुग्रीव को सौंपा।

सुग्रीव अन्य समूह के साथ (शृंगवेरपुर)—शृंगवेरपुर से प्राप्त एक मूर्ति समूह में अन्य आकृतियों के साथ मुकुट धारण किये सुग्रीव तथा बानर प्रमुख (हनुमान या अंगद) दर्शाये गये हैं। राम एवं लक्ष्मण छन्नवीर धारण किए हुए हैं तथा तीर एवं तर्कश सहित प्रदर्शित किए गए हैं। जिनके समीप वे दोनों खड़े हैं। सुग्रीव एवं उसके साथी के साथ दो छोटे बानर नीचे प्रदर्शित किए गये हैं।

राम, लक्ष्मण, सुग्रीव, सीता की मुक्ति पर मंत्रणा करते हुए (बनारस)—भारत कला भवन वाराणसी में गुप्तकालीन अति सुस्पष्ट मूर्ति है जिसमें बानर सेना बैठी नीचे प्रदर्शित है। राम, लक्ष्मण, सुग्रीव एवं हनुमान के साथ सीता को छुड़ाने के लिये चर्चा कर रहे हैं। सुग्रीव के कन्धों को स्पर्श करके राम उनके अच्छे स्व सम्बन्ध व्यक्त कर रहे हैं। राम एवं लक्ष्मण छन्नवीर पहने हैं। धनुष एवं तरकश भी उनके पास हैं। सुग्रीव का प्रदर्शन देवगढ़ पट्ट जैसा प्रभावशाली है। यद्यपि हनुमान नग्न बानर के रूप में प्रदर्शित है।

राम, लक्ष्मण सुग्रीव विभीषण, अंगद (चौसा)—चौसा से प्राप्त गुप्त युगीन एक मृण्मय पट्ट में आकृतियों का समूह दर्शाया गया है। इस पट्ट में राम (खंडित सिर) छन्नवीर धारण किए हुए हैं, तीर एवं तरकश तथा जटाजूट युक्त लक्ष्मण, बानर प्रमुख सुग्रीव, विभीषण नग्न बानर के रूप में हनुमान, अंगद भी बानर के रूप में दर्शाया गया है, परन्तु वे पथली मारे एवं मुकुट पहने प्रदर्शित किए गये हैं। वास्तव में यह पट्ट भीतरगाँव जैसी उच्च कला के तुल्य है।

सेतुवन्ध (देवगढ़) :—बड़े-बड़े शिला खंड लेकर कतार बांधकर जाते हुए बानर इस पट्ट पर दिखाए गए हैं। सम्भवतः भारत और लंका के बीच पुल बाँधने का यह सामूहिक प्रयास जान पड़ता है। सारनाथ के एक शिला खंड (जी-३७) पर यह दृष्य बड़ा भला बन पड़ा है।

अशोकवाटिका में सीता (देवगढ़) :—यह पट्ट बहुत नष्ट हो चुका है, किन्तु इतना स्पष्ट है कि रावण यहाँ सीता को अनेक प्रलोभन देने के बाद भी असफल होता हुआ दिखाया गया है और अब धमकियों का प्रयोग कर रहा है। सीता की कठोर मुद्रा और शारीरिक सन्तुलन उनके अप्रतिम पतिपरायणा होने के प्रत्यक्ष प्रमाण हैं।

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

चित्र १४—राम और हनुमान (नचना कुठार) ६वीं शती



चित्र १६—रावण के सभागृह में हनुमान (नचना कुठार) ६वीं शती

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)



चित्र १८—रावण और कैलाश (एलौरा) ८वीं शती

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

रावण के सभागृह में हनुमान :— (नचना कुठार) [फलक १६] :—वास्तव में आकर्षक व्यक्तित्व वाला अभिमानी रावण किरीट मुकुट धारण किए महाराज-लीलासन मुद्रा में अपने प्रासाद में बैठा है। इन्द्रजीत की अध्यक्षता में बौने राक्षस हनुमान को जो प्रासाद के बाहर अशोकवाटिका में बंधे हैं, खींचकर रावण के सन्मुख ला रहे हैं। यह दृश्य वास्तु कला, दृष्यावली तथा आकृतियों की मनोरम झांकी है और कलाकार की उच्च कल्पना दर्शाती है।

जिस स्थान में सिंहासन पर रावण बैठा है वह साधारण प्रासाद है। सामने से देखने पर ऐसा प्रतीत होता है मानों एक ताखे को कपोत पालिका एवं पट्टिका को दो स्तम्भ थामे हैं, इसके ऊपर चन्द्रशाला है जो आमलक से आवेष्ठित देवगढ़ मन्दिर के प्रवेश द्वार पर मडंप बनाये गये हैं ठीक उसी प्रकार यहाँ भी दृष्य उपस्थित किया गया है। आकृतियों में रावण किरीट मुकुट धारण किए भूमरा के यम के सदृश प्रतीत होता है। राक्षस भी भूमरा के बौने शिवगणों के समान अंकित किए गए हैं। उनके अग्रणी इन्द्रजीत हैं।

वाल्मीकि रामायण के अनुसार हनूमान ने रावण के प्रासाद की सुन्दर अशोकवाटिका को नष्ट भ्रष्ट कर डाला केवल वही स्थान शेष रहा जहाँ सीता रहती थीं। जब यह सूचना रावण को दी गई तब वह अत्यधिक क्रोधित हुआ और हनुमान को पकड़ कर लाने के लिये कहा। उसने सर्वप्रथम किन्नरों को जम्बुमाली के साथ, मन्त्रियों के सात वीर पुत्रों को तथा राक्षसों के ५ अग्रणी योद्धाओं को क्रम से भेजा। अन्त में उसने अपने पुत्र अक्ष को सेना सहित भेजा। जब रावण को यह सूचना मिली कि हनुमान ने सबको ध्वंस कर दिया है तब उसने अपने पुत्र अजेय इन्द्रजीत को हनुमान को पकड़ लाने के लिए कहा। इन्द्रजीत ने हनुमान पर परम्परागत अस्त्र-शस्त्रों से वार करना प्रारम्भ किया परन्तु जब ये सब निष्क्रय सिद्ध हुए तब उसने ब्रह्मा द्वारा प्रदत्त प्रक्षेपास्त्र का प्रयोग किया। हनुमान ब्रह्मास्त्रके प्रहार से अपने को बचा न सके एवं अपंग हो गये। ब्रह्मास्त्र से बंधे हुये हनुमान को देखकर राक्षसों को सन्तोष नहीं हुआ और उन्होंने उनको साधारण रस्सी से बाँध दिया इस रस्सी से बाँधे जाने के कारण उन पर ब्रह्मास्त्र का प्रभाव समाप्त हो गया और वे मंत्रानुवेष्टिव अस्त्र से मुक्त हो गये। यद्यपि वे ब्रह्मास्त्र के प्रभाव से मुक्त हो गये फिर भी उन्होंने ऐसा प्रदर्शित नहीं किया और राक्षसों द्वारा खींचे जाने पर स्वेच्छा से खिचते खिचते रावण के सभागृह में उनके समक्ष उपस्थित किये गये। वास्तव में हनुमान भी यही चाहते थे कि रावण के समक्ष उन्हे ले जाया जाए क्योंकि वे उससे मिलने हेतु आतुर थे। रावण के वैभव-शाली सुन्दर प्रासाद का अवलोकन कर हनुमान आश्चर्य चकित रह गये।

प्रदर्शित प्रतिमा जैसा रामायण में वर्णित है, सत्यतः उसी का वस्तुतः प्रतिनिधित्व प्रतिमाओं में हुआ है।

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

हनुमान एवं राक्षस युद्ध (श्रावस्ती)

सहेत-महेत से प्राप्त तीन मृण्मय मूर्तियों मे से एक पर हनुमान तथा राक्षसों का युद्ध का चित्रण मिलता है।

हनुमान एवं राक्षस युद्ध (अफसढ) में भी ऐसा ही एक दृश्य चित्रित है।

लक्ष्मण और सुग्रीव-देवगढ़

यह दृश्य उस समय का है जब वालि-वध के बाद राम ने सुग्रीव को किष्किंधा का राजा घोषित कर दिया था और सुग्रीव ने सीता की खोज करने का वचन दिया था किन्तु राजमद में आकर वे कर्तव्य विमुख हो गए थे। यहाँ उन्हें सुरापान करते हुए दिखाया गया है। उनके पीछे उनको स्त्री रूमा और दाहिने भतीजा अंगद तथा बाएँ हनुमान उपस्थित हैं। क्रुद्ध लक्ष्मण को आया देख ये दोनों सुग्रीव से उनका स्वागत करने का आग्रह कर रहे हैं लक्ष्मण की मूर्ति खंडित होने से स्पष्ट नहीं है।

मृत-संजीवनी

इस पट्ट पर हनुमान हिम प्रदेश का एक खंड लेकर लंका की ओर उड़े जाते हुए दिखाए गए हैं। दृश्य उस समय का है जब शक्ति के प्रहार से लक्ष्मण मरणप्राय हो गए थे और स्वयं राम को उनके जीवन के लिए बिलखना पड़ा था। यह हनुमान का ही कार्य था कि लंका के ख्यातिनामा वैद्य वुषंण को वे रातोंरात उठा लाए थे और उनकी सलाह से मृतसंजीवनी लाने हिमालय गए थे। औषधि की पहिचान न कर पाने के कारण वे पर्वत ही उखाड़ कर ले आए।

रावण का तप (एलौरा) [फलक १७, १७अ]

इस दृश्य में दशानन रावण शिवलिंग की वेदी पर अपने सिरों की आहुति दे रहा है। लिंग के चारों ओर नौ मुंड हैं, जिनका आकार मुंडमाल की भाँति है। शिव-भक्त रावण के दुष्कर तप का यह अंकन संभवतः भारत में अन्यत्र नहीं हुआ।

रावण और कैलास (एलौरा) [फलक १८]

कैलास के मंडप के दक्षिण पश्चिम सिरे पर यह दृश्य अंकित है। लंकेश रावण कैलासपति शिव को प्रसन्न करने के हेतु कैलास पर्वत उठा रहा है। पर्वत पर शिव अपने गणों के साथ और उमा अपनी सखियों के साथ विराजमान हैं। पर्वत के हिलने के कारण भयत्रस्त उमा शिव के शरीर से सटी जा रही हैं शिव के गण रावण पर शिलापात कर रहे हैं। किन्तु शिव अडिग हैं। उन्हें यह सब बाल कौतुक लग रहा है। वे अपने चरण से कैलास को दबाकर दशानन के श्रम को निरर्थक किए दे रहे हैं।

सारांश में यह कह सकते हैं कि रामायण की अधिकांश घटनाओं का दिग्दर्शन गुप्तकालीन स्मारकों में हुआ है। एलोरा में-रावण द्वारा कैलास-पर्वत उठाना और अपने सिरों की आहुति, गंगावतरण, सीताहरण, वालि-सुग्रीव युद्ध, वालिवध; अफसढ़

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

रामायणीय दृश्यों वाले गुप्तकालीन स्मारक



Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

में–राम-सीता-लक्ष्मण गंगा पार करते हुए; श्रृंगवेरपुर में गंगा पार करते हुए राम-सीता-लक्ष्मण, चित्रकूट में भरत-मिलाप, राम-सीता-लक्ष्मण गुरु भारद्वाज के साथ, हनुमान-रावण युद्ध; नचनाकुठार में-शूर्पणखा की दुर्गति, सीताहरण, वालि-सुग्रीव-युद्ध, राम और हनुमान, वालिवध, भारतद्वाज ऋषि को रामगाथा सुनाते हुए, वनगमन, अत्रिमुनि के आश्रम में राम, दंडकवन में राम, शूर्पणखा की दुर्गति, सीताहरण, अहिल्योद्धार, किष्किंधा में राम, राम भक्त सुग्रीव, वालि-सुग्रीव युद्ध, राम और हनुमान, सेतुबंध, अशोकवाटिका में सीता, लक्ष्मण और सुग्रीव, मृतसंजीवनी द्वारा लक्ष्मण की प्राण रक्षा; नालन्दा में राम-सीता दंडकवन में, सीताहरण, अहिल्योद्धार; वाराणसी में राम-लक्ष्मण-सुग्रीव हनुमान के साथ सीता की मुक्ति के उपाय खोजते हुए बानर सेना के साथ; चौसा में- राम-लक्ष्मण-सुग्रीव-विभीषण तथा अंगद का दृश्य भीतरगाँव के दृश्य के सदृश हैं। श्रावस्ती में–हनुमान और राक्षसों का युद्ध चित्रित है। इस लेख में उपर्युक्त आठ प्राचीन स्मारकों के रामायणी दृश्यों का वर्णन किया गया है। सेतुबंध का दृश्य केवल देवगढ़ और सारनाथ में है। कैलास-पर्वत को उठाता हुआ रावण अपने सिरों की आहुति एलोरा में देता है। वहीं पर रावण और जटायु के युद्ध का अंकन भी है जो अन्यत्र उपलब्ध नहीं है। नचना कुठार के सीताहरण जैसा दृश्य अन्यत्र अप्राप्य है। अधिक प्रचार-प्रसार की शूर्पणखा की दुर्गति, सीता हरण और बालि-बध का हुआ है।

फलक चित्रों का परिचय

१. गंगावतरण (एलौरा), ८वीं शती।
२. गंगा पार करते हुये राम, सीता एवं लक्ष्मण (अफसढ़), ७वीं शती।
३. चित्रकूट में भरत मिलाप (अफसढ़), ७वीं शती।
४. राम सीता गुरू भारद्वाज के साथ (अफसढ़), ७वीं शती।
५. राम सीता (नालन्दा), ८वीं शती।
६. शूर्पणखा की दुर्गति (नचना कुठार), ६वीं शती।
७. सीताहरण (देवगढ़), ६वीं शती।
८. सीताहरण (नचना कुठार), ६वीं शती।
९. सीताहरण (एलौरा), ८वीं शती।
१०. राम और अहिल्या (नालन्दा), ८वीं शती।
११. वालि और सुग्रीव युद्ध (देवगढ़) ६वीं शती।
१२. वालि और सुग्रीव युद्ध (नचना कुठार), ६वीं शती।
१३. राम द्वारा वालि वध (नचना कुठार), ६वीं शती।
१४. राम और हनुमान (नचना कुठार), ६वीं शती।
१५. वालि वध (एलौरा), ८वीं शती।
१६. रावण के सभा-गृह में हनुमान (नचना कुठार), ६वीं शती।
१७. रावण का तप (एलौरा), ८वीं शती।

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

१८. रावण और कैलास (एलौरा), ८वीं शती ।
१९. रामायणी दृश्यों वाले गुप्तकालीन स्मारक का मानचित्र ।

सन्दर्भ ग्रन्थों की सूची

१. राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त अभिनन्दन ग्रंथ, देवगढ़ और इलोरा के रामायण-सम्बन्धी दृश्य : डॉ० भास्करनाथ मिश्र, प्रधान सम्पादक-डॉ० बासुदेव अग्रवाल, राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त अभिनन्दन समीति, कलकत्ता-१९५९ ।
२. कामिल बुल्के कृत "रामकथा" १९५० ।
३. माधोस्वरूप वत्स, देवगढ़ का गुप्तकालीन मंदिर, मेमाअर आफ दि आर्कियोलोजिकल सर्वे आफ इण्डिया, नं०-७० ।
४. रघुवंश सर्ग ११, ३४ ।
५. उत्तर प्रदेश इतिहास परिषद् पत्रिका, २३ ।
६. पश्चिमी भारतीय पुरातत्वीय सर्वेक्षण, ग्रन्थ सं०-५, एलौरा केव्स ।
७. इण्डियन हिस्टारिकल क्वार्टर्ली, ३० (१९५४) ।
८. कृष्ण देव, गुप्त रामायण पैनल फ्राम नचना, छवि २ फेलिसीटेशन वाल्यूम ।
९. वी० एस० अग्रवाल, ए सर्वे आफ गुप्त आर्ट एण्ड सम स्कल्प्चर्स फ्राम नचना-कुठार एण्ड खोह, ललित कला, नं०-९ ।
१०. बी० के० सिन्हा, रीप्रेजन्टेशन आफ रामायणिक सीन्स इन एन ओल्ड टेम्पल ऐट अफसढ़, जर्नल आफ बिहार रिसर्च सोसाइटी-वाल्यूम-५४, १९६८ ।
११. जे० सी० हार्ले, गुप्त स्कल्प्चर्स, ऑक्सफोर्ड १९७४ ।
१२. फ्रेडरिक एम० एशर, दि आर्ट आफ ईस्टर्न इण्डिया, १९८० ।
१३. एस० सी० डे, हिस्टॉरिसिटी आफ रामायण एण्ड दी इन्डोआर्यन सोसाइट इन इण्डिया एण्ड सीलोन, दिल्ली-१९७६ ।

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

SOME IMPORTANT GUPTA TERRACOTTA PLAQUE DEPICTING RĀM-KATHĀ

Umesh Chandra Dwivedi

The terracotta figurines of India occupy a respectable place in the domain of her artistic activity. It remained the most popular material in which common people tried to show their artistic capability. In the Gupta period, specially during late phase, plaque of large size with figures in high relief were prepared. These moulded bricks or panels were very helpful in depicting so many person at one place and, therefore, depiction of some story or scene was possible.

The story of Rāma or Rāmāyaṇa was one of the important themes which the Gupta artist wanted to depict in their artistic creation. We have few very beautiful piece of this period depicting Rāmāyaṇa scenes.

रानियों के साथ-साथ राजा भी चित्रकला के प्रेमी थे। राम का राजप्रासाद सोने की मूर्तियों से युक्त मणि, मूँगा आदि से सजा, मणिमाओं आदि से अलंकृत अनेक कल्पित मृगों से युक्त भित्ति-चित्र से अलंकृत था। (सूत्कीर्ण भक्तिभिस्तथा २.१५.३०-३७)।

अयोध्या के समान लंका का भी राजप्रासाद विविध दृष्यों तथा चित्रों से सुशोभित था। रावण ने अपनी अशोक वाटिका में एक सुन्दर चित्रशाला बनवा रखा था। हनुमान ने अशोक वाटिका उजाड़ते समय इस लतामण्डप तथा चित्रशाला को उजाड़ दिया था (लतागृहैश्चित्रगृहैश्च ६-४०-१९)। रावण के अशोक वाटिका में हनुमान ने मद्य एवं सुरा रखने के लिये चित्र-विचित्र अतिमूल्यवान वर्त्तन भी देखे थे। रावण के अन्तःपुर में हनुमान ने राक्षसलोग द्वारा सुन्दर रूपवाले चित्रों का निर्माण करते देखा था (५-५ १२)। रावण के भवन में अनेक प्रकार की पालकियाँ विचित्र लतागृह, चित्रशालाएँ आदि भी देखे थे (५-७-३६)। लंकापुरी के बाहरी फाटक सोने के बने हुये थे और उनकी दीवारें लता-वेलों के चित्र से सुशोभित थीं (५-२ १८)। गृहों में कोई कमल के आकार का था, तो कोई स्वस्तिक के चिन्ह या आकार से युक्त और कोई निर्माण वर्धमानसंज्ञक गृहों के रूप में था (५-४-७)। रावण की हवेली चितकबरी आनन्द देने वाली तथा शोभा को सुशोभित करनेवाली थी। कालीन पर बैठी हुई सुन्दरी, स्त्रियाँ रंग-विरंगी वस्त्र, पुष्पमाला धारण किये

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

अनेक प्रकार की वेष-भूषाओं से विभूषित थीं (५-९-३३)। स्पष्ट है विविध रंगो से सजाये हुये वस्त्र स्त्रियाँ धारण करती थीं। पुष्पक विमान भी सुवर्ण के समान लाल रंग के सुगन्धयुक्त चन्दन से संयुक्त होने के कारण वह बालसूर्य के समान जान पड़ता था (५-९-१८)। रावण के सोने का पलंग स्फटिक मणिकी, रत्नों से जड़ा, पाटी-पाये सुवर्ण जटित होने के कारण चितकबरे, पलंग पर बहुमूल्य बिछौने बिछाये गये थे। वह अग्नि के समान देदीप्यमान, अशोक पुष्पों की मालाओं से अलंकृत था। भेड़ की खाल मढ़ी हुई सब ओर से उत्तम फूलों की मालाओं से सुशोभित था (५-१०-१-६)।

रावण के पुष्पक विमान में तरह-तरह के चित्र बने हुये थे। यह रत्नों से विभूषित देदीप्यमान था। भाँति-भाँति के वृक्षों के फूलों से आच्छादित पुष्प पराग से भरे हुये पर्वत, शिखर के समान सुशोभित था। हंसों द्वारा आकाश में ढोये जाते हुए विमान की भाँति जान पड़ता था। शिखर पर्वत, ग्रहों चन्द्रमा के कारण तथा अनेक वर्णों से युक्त होने के कारण मेघ विचित्र शोभा पा रहा था। सोने और मणियों से निर्मित कृत्रिम पर्वत-मालाओं से पूर्ण, पर्वत वृक्षों की विस्तृत पक्तियों से हरे-भरे रचे गये थे। वे पुष्प भी केसर एवं पंखुड़ियों से पूर्ण निर्मित हुये थे। केसर युक्त कमल विचित्र वन और अद्भुत सरोवरों का भी निर्माण किया गया था। वह हेम पद्मों से सुसज्जित, चाँदी और मूगों के पक्षी रत्नों से सर्पों की रचना तथा उसमें सुन्दर घोड़े निर्मित थे (५-७-६-१३)। उसके फर्स भी चित्रों से सजाये जाते थे। निश्चय ही ये सारे प्रसंग, विषय, बाद के चित्रकारों के लिये आधार सामग्री बनी। मध्यकालीन भारतीय चित्रकला में रामायण का भरपूर प्रभाव है। पशु, पक्षी, पुष्प लताएँ, वृक्ष, वन आदि के दृश्य रामायण में चित्रांकित हैं, जिसका आधार भारतीय चित्रकारों ने लिया है। अजन्ता की चित्रकला में ऐसे कई दृश्य हैं।

रामायण में लकड़ी की बनी वस्तुओं पर भी चित्रों का उल्लेख मिलता है। वाली का शव सुन्दर चित्रों से सजाई हुई पालकी में श्मशान भूमि ले जाया गया था (४-२४)। इसी तरह रावण का शव भी सुन्दर पुष्पचित्रित रथ में ले जाया गया (६-१११-१०९)।

लंका में हनुमान ने सीता को लतामण्डपों, चित्रशालाओं, आपानशाला, पुष्पगृह, क्रीड़ागृह, गृहाद्यान की गलियों और पुष्पक विमान आदि में खोजा था (५-१२-१,१३,१४)। लंका के तोरण वेल-बूटों से सुशोभित था। लतापक्ति विराजिते (५-२-१८)। सुवर्ण भूषित रथों पर भी तरह-तरह के दृश्य बनाये जाते थे। मृगों सिहों के मुख से सुसज्जित पिशाचवदन से चित्रित थे। रंग-विरंगे कालीन भी बनाये जाते थे। पलंग अलंकृत किये जाते थे। रत्नों से जड़े वस्तुओं आदि की विस्तृत चर्चा की गई है। हनुमान ने एक ही पीले रंग के पुराने रेशमी वस्त्र से ढकी हुई सीता को देखा था (५-१५-२१)। वर्तन भी तरह-तरह के चित्र-विचित्र, अति

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

मूल्यवान प्रयोग में लाये जाते थे। दृष्टव्य है चित्रकला के सन्दर्भ में रामायण एक पूर्ण विकसित उच्चकोटि की सांस्कृतिक, वैभव से परिपूर्ण है।

मूर्तिकला अथवा देव प्रतिमाओं के चर्चा के पहले रामायण में वर्णित देव-स्थान एवं देवपूजा पर ध्यान देना आवश्यक प्रतीत होता है। रामायण में अनेक स्थानों पर देव-मन्दिरों का उल्लेख हुआ है। देवतागार, देवपथ, देवस्थान, देवगृह देवायतन, देवतायान आदि नामों की चर्चा की गयी है। महाराज दशरथ की नववधुओं के मिथिला से अयोध्या आने पर अन्तपुर की रानियों ने देवमन्दिरों में उनकी पूजा करवायी थी (१-७७-१३)। स्पष्ट है देव पूजन के निमित्त अन्तःपुर में मन्दिर निर्मित थे। राम के राज्याभिषेक का सुखद समाचार पाकर अयोध्यावासी हिमालय के शिखर के समान ऊँचे देव-मन्दिरों पर ध्वजाएँ तथा पताकाएँ फहराने लगे थे (२-६-११–३)। स्वयं रामने यौवराज्याभिषेक के पहले दिन सीता के साथ संयम पूर्वक विष्णु मंदिर में शयन किया था (२-६-४)। वनगमन के समय राम द्वारा माता कौशल्या से आज्ञा मागने पर कौशल्या राम से कहती हैं वे सब देबता महर्षियों के साथ वन में तुम्हारी रक्षा करें (२-२५-४)। भगवान स्कन्ददेव, सोम, वृहस्पति सप्तर्षिगण और नारद सभी तुम्हारी रक्षा करें। साथ ही साथ इन्द्र, नदी, वेदियों, मन्दिरों, पर्वत, वृक्ष, जलाशय, पक्षी, सर्प सिंह, सिद्धगण, दिशाएँ, दिकपाल, समुद्र, वरुण द्युलोक, अन्तरिक्ष, पृथ्वी, वायु, चराचर प्राणी, नक्षत्र, देवताओं सहित ग्रह, शुक्र, सूर्य, कुबेर, यम, अग्नि, शिव, भूतगण, सभी देवता एवं दैत्य आदि से प्रार्थना करती हैं तथा राम की वन यात्रा मङ्गलकारी हो, अग्नि में हवन कर पूजा करती है (२-२५-१-४६)। अपने वनगमन में चित्रकूट में भी राम अयोध्या के मन्दिरों को याद करते रहते हैं। पर्णकुटी निर्मित कर पर्णशाला के अधिष्ठाता देव की पूजा कर पर्णकुटी में प्रवेश करते हैं (२-५-२१-३०)। ऋषि मुनियों के आश्रम में भी मन्दिर बने हुये थे। अगस्त्य मुनि के आश्रम में विभिन्न देवताओं के लिये पृथक स्थान बने हुये थे (२-१२-१६-२०)। रास्ते के मन्दिरों की प्रदक्षिणा की जाती थी। लंका में भी चैत्य प्रासाद थे। हजार खम्भोंवाला, गोलाकार, कैलास के समान श्वेतवर्ण और बहुत ऊँचा देदीप्यमान अशोकवाटिका में हनुमान को चैत्य प्रासाद दिखाई पड़ा था (५-१५-१४-१७)। सुन्दर काण्ड (५-२४-४५-४७) में इसी तरह राक्षसी द्वारा सुरा के साथ मनुष्य के मांस का आस्वादन करके 'निकुम्भिला' देवी के सामने नृत्य की बातें कही गयी हैं। ये सभी तथ्य मन्दिरों के साथ ही साथ मूर्तियों के अस्तित्व को दर्शाते हैं।

रामायण में कई स्थानों पर वेदों की चर्चा की गयी है। वेदवेत्ता ब्राह्मणों से दशरथ प्रसन्न रहते थे (१-७७-२३-२४)। श्री राम तथा कुश लव वेदों के पारंगत थे (२-१-२०-१-४-५-६)। रावण का दाह-संस्कार वैदिक विधि से हुआ था (६-३-११७)। वैदिक देवों की बार-बार प्रार्थनायें की गयी हैं। माता कौसल्या राम के वनगमन के मंगलमय तथा रक्षा के लिये अन्तरिक्ष, द्युलोक, पृथिवी के सभी देवों

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

की प्रार्थना करती है (२-२५-१३-१४)। इन्द्र, वरुणा अग्नि की बार-बार पूजा की गयी है। देव पूजन के लिये गंध, पुष्प, नैवेद्य, धूप दीप आदि पूजन सामग्री का उल्लेख है। कौसल्या और राम ने अनेक बार देव पूजा की। मनुष्य जो स्वयं अन्न खाता है, देवता भी ग्रहण करते हैं, कहा गया है (२-१०३-३०)। वन में विचरने वाले मुनि सहित समस्त देवता, दैत्य, जन्तुओं, पशुओं तथा शिव आदि देवताओं की प्रार्थनायें हैं। इसके साथ ही साथ विधि पूर्वक यज्ञ कर अग्नि होम करके हवन से बचे हुये हविष्य के द्वारा होम की वेदी से बाहर दशो दिशाओं में इन्द्र आदि लोकपालों के लिये बलि अर्पित है (२-२५)। वेदों के पारङ्गत ब्राह्मण धार्मिक अनुष्ठान, अभिषेक आदि किया करते थे (२-२६-१३)। विष्णु के साथ-साथ शिव की पूजा की जाती थी (२-२५-४३)। राम और रावण दोनों ही शिव की पूजा में बड़ी श्रद्धा रखते हैं। राम लंका से लौटते हुये सीता को सेतुबाँध दिखाते हैं जहाँ भगवान शिव ने उन पर कृपा की थी (६-१२३-२०)। ब्रह्मा, विष्णु, शिव, स्कन्द, प्रजापति, इन्द्र, कुबेर, काल, यम, चन्द्रमा वरुणा, पितर, वसु, सान्ध, अश्विनीकुमार, मरुद्गण, मनु, वायु, अग्नि, प्रजा, प्राण ऋतुओं को प्रकट करने वाले तथा प्रभा के पुञ्ज कहे गये हैं (६-१०५-८९)। सूर्यदेव दिन के आधिपति, ज्योतिगणों के स्वामी की बार-बार प्रार्थनायें की गयी हैं। रावण के साथ युद्ध में थके, चिन्तित रणभूमि में खड़े राम को अगस्त्यमुनि ने सूर्य की ही आराधना कर "आदित्यहृदय" स्तोत्र का जप करने को कहा था। क्योंकि इस जप से सदा विजय हाथ लगती है (६-१०५-१-३०)। राम ने इसे तीन बार जप किया और युद्ध में आ डटे। रामायण में वैदिक देवताओं के साथ ही साथ अन्य गौड़ देवताओं अष्टदिकपाल, विश्वकर्मा, नक्षत्र, कामदेव आदि की भी यथास्थान चर्चा की गयी है।

रामायण में मन्दिरों के अस्तित्व के साथ ही साथ देवों की पूजा तथा देव-प्रतिमाओं के निमित्त प्रर्याप्त सामग्री मिलती है। इन देव प्रतिमाओं को मन्दिर में स्थापित कर पूजा की जाती थी। मन्दिर अन्तःपुर, सड़क के किनारे, चौराहों आदि पर निर्मित किये जाते थे (२-३-१८)। राम का भवन देव प्रतिमाओं से अलंकृत था (२-१५-३२,३३ ३५,३६)। भरत ननिहाल से लौटकर देखते हैं, अयोध्या उदास है देवालय तथा चैत्य हीन दशा में दिखाई दे रहे थे (२-४२-४३)। देव प्रतिमाओं की पूजा बन्द हो गयी थी (२-७१-४०)। कारण स्पष्ट था राम का २७ वर्ष की उम्र में सीता, लक्ष्मण सहित वनवास हो गया था (२-२०-४५)। महाराज दशरथ स्वर्ग सिधार गये थे तथा सारी अयोध्या शोक में डूब गयी थी।

वाल्मीकि रामायण में देव प्रतिमाओं की ही चर्चा नहीं की गई है अपितु देवताओं का मानवीकरण कर उनके लाक्षणिक स्वरूपों का पूर्ण चित्रण प्राप्त है। ब्रह्म लोकस्रष्टा हैं (२-१६-२२)। ब्रह्मा को चतुर्मुख कहा गया है (१-२-२३ तथा ७-५-१२)। शिल्प में ब्रह्मा चतुर्मख ही पाये जाते हैं। विष्णु, शंख, चक्र एवं गदा के साथ अनेक स्थानों पर दर्शाये गये हैं (२-२-२३ तथा ७-६-१३) इन्हें चतुर्भुज कहा गया है (७-८-२५-२६)। शंख, चक्र, गदा धारण किये हुये रहते हैं। इनके वक्ष-

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

स्थल पर श्रीवत्स का चिह्न है, लक्ष्मी कभी साथ नहीं छोड़ती हैं (६-११-१४)। इन्हें धनुष लिये दर्शाया गया है १-७५-२१-३४)। भगवान केशव (१-४५-३०) त्रिलोकीनाथ श्रीहरि (१-७६) भगवान विष्णु को कमल नयन कहा गया है (२-४-४१)। राम सीता के साथ वैसी ही तुलना की गयी है जैसा की लक्ष्मी के साथ विष्णु शोभा देते हैं। हाथ में कमल लिये रहने वाली लक्ष्मी को दर्शाया गया है (५ ५-३)। विष्णु को शंख चक्र, गदा शार्ङ्ग धनुष, खण्ङ्ग, धारण किये हुये सुन्दर पंखवाले गरुड़ पर आरूढ़ पीताम्बरधारी कहा गया है (६-६३-६६)। प्रारम्भिक भारतीय मूर्तिकला में, कुषाण तथा गुप्तकालीन शिल्प में विष्णु इसी रूप में उरेहे गये हैं। गुप्तकालीन देवगढ़ के गजेन्द्र मोक्ष में उड़ते हुये गरुण पर सवार तथा हमेशा साथ रहने वाली लक्ष्मी के साथ शेषशायी रूप में बड़ा ही सजीव चित्रण है। विष्णु के त्रिविक्रम की चर्चा है (५-२१-५८)। शिव महादेव शंकर को अनेक रूपों में दर्शाया गया है (१-६६-११)। इन्हें पशुपति शिव (५-१३-५०) त्रिनेत्रधारी (१-४३-६-७ तथा ७-६-२३) त्रिशूलधारी (१-४५-२३) त्रिशूलधारी, जटाजूट मस्तक पर गंगा को धारण करने वाले (१-४३-६,१६,२०) विषधर, कण्ठ में धारण करने वाले कहे गये हैं। कला में शिव के जटा, जूट तथा दक्षिण भारत से गंगावतरण की मूर्तियाँ प्रमाणित करती हैं कि शिल्पाङ्कन में भारतीय मूर्तिकार ने रामायण का भरपूर उपयोग किया है। रामायण से प्रभावित होकर शिव के स्वरूपों को अपने कला में स्थान दिया तथा उन्हें उसी रूप में उरेहा जैसा रामायण में शिव स्वरूप चित्रित है। इसी तरह शिव के धनुष जिससे त्रिपुरासुर का नाश हुआ था, का उल्लेख किया गया (१-७५-१२)। गुप्तकालीन विहार के चन्डीमाओ से प्राप्त स्तम्भ पर इस दृश्य का बहुत ही सुन्दर शिल्पांकन हुआ है। पार्वती के साथ बैल पर चढ़ कर शिव का वायु मार्ग से चलने का उल्लेख द्रष्टव्य है। (७-४-२७) इसी तरह वृषभध्वज की चर्चा है। (२-५५-१३) शिव का पार्वती के साथ वाहन बैल पर आरूढ़ रूप गुप्तकालीन देवगढ़ के मन्दिर फलक पर देखते ही बनता है। शिल्पी को इस चित्रण में पूर्ण फसलता प्राप्त है। वाहन नन्दी शिव पार्वती को लिये इस रूप में उरेहा गया है मानो वह वायु में उड़ रहा हो, उससे उद्भूत गति एवं ओज है। सम्पूर्ण चित्रण भारतीय मूर्तिकला का अनूठा दृश्य उपस्थित करता है। शिवपुत्र स्कन्द छः मुख वाले देव सेनापति के रूप में चित्रित किये गये हैं (१-३७-२८-२६)।

इन्द्र गजराज ऐरावत की पीठ पर विराजमान रहते हैं (५-३७-२५)। अनेक स्थानों पर इन्द्र बज्र सहित दर्शाये गये हैं (१,४६-२२-२३, २-२५-३४, ५-१३-६५)। इन्द्र के साथ शची अर्थात् इन्द्राणी का भी उल्लेख पाया जाता है (६-११३-५१)। देवताओं सहित ग्रहों की प्रार्थना की गयी है (२-५५-१३)। (२-२५-१३-१४)। गुप्तकालीन तथा मध्यकालीन हिन्दू मन्दिरों में शिला पट्टों में नवग्रह स्थापित किये गये प्रदर्शित हैं। पाशधारी वरुण (५-१३-२७) द्रष्टव्य है। सहस्रनेत्रधारी इन्द्र हैं (२-१-५१)। वज्रधारी वर्षा के देव हैं (२-१२-१०४)॥

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

धन्वन्तरि को भुजाओं में दण्ड तथा कमण्डल धारण करने वाला कहा गया है (१-४२-३१-३३)। परशुराम कन्धे पर फरसा तथा हाथ में धनुष एवं भयंकर बाण लिये दिखाये गये हैं (१-७४-१७-१६)। गन्धर्व, अप्सरा, विद्याधरगणों की अनेक बार चर्चा की गयी है। गले में हार, पैरों में नूपुर, भुजाओं में बाजूबंद, कलाइयों में कंगन धारण किये आकाश में अपने पतियों जो कण्ठ में माला धारण किये, लाल रंग के फूल और चन्दन लगाये हुये थे, मन्द-मन्द मुस्कराती चकित सी खड़ी हो गयी थी (५-१-२३-२७)। इस रूप में गन्धर्व विद्याधरों की अनेक प्रतिमायें ग्वालियर, विदिशा, नचना आदि से प्राप्त है जो राष्ट्रीय संग्रहालय तथा देश के अन्य कई संग्रहालयों की शोभा बढ़ा रही हैं। दिशाओं के देव अष्टदिकपाल यथा स्थान दिखाये गये हैं। पूर्व दिशा में वज्रधारी इन्द्र, दक्षिण दिशा में यमराज, पश्चिम दिशा में वरुणा तथा उत्तर दिशा में कुबेर को दर्शाया गया है (२-१६-२४)। शिल्प में व्रजधारी इन्द्र, यम, कुबेर आदि की प्रतिमा द्दष्टव्य है। इन्हें यहाँ दिशाओं के देव के रूप में ही मन्दिर के आला में स्थान दिया गया है। भूमरा में इनके कई अच्छे प्रतिमा प्राप्त है। मध्यकालीन हिन्दू मन्दिरों, उड़ीसा, मध्य प्रदेश, राजस्थान आदि स्थानों में शिल्प में इसी रूप में उरेहे गये हैं जो आज भी द्रष्टव्य है। रामायण में प्रथम बार अष्टदिकपालों का दिशा निर्धारण हुआ है। इसी को आधार मानकर भारतीय शिल्पी ने दिकपालों को अपनी कला में स्थान दिया है। इस तरह कामदेव बाण के साथ दर्शाये गये हैं (५·३६·५१)। कला में भी इनका इसी रूप में चित्रण है।

रामायण में देव प्रतिमाओं का कई बार उल्लेख किया गया है। राम के राजप्रासाद का शिखर मोती, मूगों के तोरण तथा स्वर्ण प्रतिमाओं से सुसज्जित था (२·१५·३३)। अयोध्या से चित्रकूट के रास्ते में भरत की सेना के विश्राम स्थलों पर नीलमणि की प्रतिमाएँ उत्कीर्ण थीं (२·२०·१२)। रामायण में राम तथा रावण दोनों शिवलिंग की पूजा करते हुये दर्शाये गये हैं। लक्ष्मी की कमलासीन देवी रूप में कल्पना की जाने लगी थी (५ ५ ३)। यही नहीं सुन्दरकाण्ड में गंजलक्ष्मी का पूर्ण विकसित रूप मिलता है। कमलासन पर बैठी गजलक्ष्मी की एक सुन्दर मूर्तिका उल्लेख है जिनके हाथ में कमल और दोनों ओर सूड़ों में केसर युक्त कमल लिये हाथी अंकित थे। रावण के पुष्पक विमान में कमल मण्डित सरोवर में ऐसे हाथी बनाये गये थे जो लक्ष्मी के अभिषेक कार्य में नियुक्त थे। उनकी सूँड़ बड़ी सुन्दर थी। उनके अङ्गों में कमल के केसर लगे हुए थे तथा उन्होंने अपने सूँड़ों में कमल पुष्प धारण किये थे। उनके साथ ही वह तेजस्विनी लक्ष्मी देवी की प्रतिमा भी विराजमान थी जिनका उन हाथियों के द्वारा अभिषेक हो रहा था। उनके हाथ बड़े सुन्दर थे। उन्होंने अपने हाथ में कमल पुष्प धारण कर रक्खा था (५·७ १४)। भारतीय शिल्पियों ने लक्ष्मी को इसी रूप में भरहुत, साँची, बोधगया, सारनाथ आदि स्थानों में कला में उरेहा है। रामायण में हो सर्वप्रथम गजलक्ष्मी का प्रतिमा विधानीय लक्षण को निर्धारित किया गया है। भारतीय कला में गजलक्ष्मी का रामायण में वर्णित रूप द्रष्टव्य है।

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

उत्तर काण्ड में उल्लेख है कि राम यज्ञ में धर्मपत्नी सीता की सोने की प्रतिमा निर्मित करवा लिया करते थे (७·९९ ७)। कई स्थानों पर सीता की तुलना मय निर्मित किसी अद्भुत सुवर्ण मूर्ति से की गई है। ये सभी प्रमाण देवप्रतिमाओं तथा उनके प्रतिमा विधान, लक्षणों की पुष्टि के उदाहरण हैं।

लंका में भी मूर्तिकला का स्पष्ट प्रमाण मिलता है। रावण के शयनागार हाँथी दाँत, सोने, चाँदी मणियुक्त प्रवाल आदि मूर्तियों से सुसज्जित किया गया था (५·९ २३)। ये सभी तथ्य कला, सौन्दर्य की लोकप्रियता दर्शाते हैं। रावण के पुष्पक विमान के खम्भों पर सुन्दर नारियों की मूर्तियाँ देदीप्यमान थीं। श्रेष्ठ हंसों द्वारा आकाश में ढोये जाते, विमान भाँति जान पड़ता था। निश्चय ही यह आधार भारतीय कला में शालभंजिकाओं के निर्माण में सहायक हुआ। शुंग, कुषाण कला में इसके सुन्दर रूप देखते ही बनते हैं।

नारीप्रवेकैरिव दीप्यमानम्।
हंसप्रवेकैरिव बाह्यमानम्॥ ५ ७ ७

लंका के रथों में नाना प्रकार के मुखों वाले गधों, मृगों, सिंहों के मुखों से सुसज्जित होने की बातें कही गयी हैं। (मृग सिंह मुखैर्युक्तं खरैः कनकभूषितैः ६·५१·२८) ये इहामृग कहे गये हैं। खम्भों पर अद्भुत पशु, पक्षी, मूंगे के पक्षी, रत्नों के सर्प, भेड़ (५ ९ १३) आदि बने थे। इस तरह के इहामृग भरहुत, साँची बोधगया आदि के तोरणों पर अधिकाधिक संख्या में निर्मित किये गये हैं। ये काल्पनिक पशु, पक्षी कला के सौन्दर्य को बढ़ाने में समर्थ हैं।

रावण के पुष्पक विमान को आकाश में ढोने वाले निशाचरों को बड़े पेट वाले कुण्डलधारी कहा गया है (५ ८·७)। ठीक ऐसे ही निशाचर बड़े पेटवाले, कुण्डल धारी बौने कद के साँची स्तूप के कैपिटल के भार को ढोते हुये दिखाये गये हैं। शुंगकालीन प्रथम शताब्दी ई० पू० के, भारतीय शिल्पियों ने रामायण में वर्णित स्वरूपों को मूर्तियों में उरेह कर अपनी कला-कौशल की सूझ-बूझ का सफल परिचय दिया है। पाषाण, धातु, काष्ठ आदि की निर्मित मूर्तियों का विवरण, रामायण में पर्याप्त रूप में मिलता है। इससे प्रभावित होकर शुंग, कुषाण, गुप्त तथा मध्यकालीन भारतीय शिल्पियों ने अपनी कला में सर्वोत्कृष्ट प्रमाण प्रस्तुत किये हैं जो आज भी अनेक स्थानों पर द्रष्टव्य है।

संक्षेप में कहना यह है कि रामायण चित्रकला, स्थापत्यकला, मूर्तिकला, प्रतिमा विज्ञान आदि अर्थात् शिल्प के विविध आयामों की सामग्री से परिपूर्ण है। शिल्पियों के लिये भी यह वैसा ही आधार ग्रन्थ था जैसा कि रामकथा बाद के कवियों के लिये। दोनों ने इसका भरपूर उपयोग अपने-अपने क्षेत्र में किया है।

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

ABDUCTIONS OF SĪTĀ (WITH PARTICULAR REFERENCE TO BHARAT KALA BHAVAN PAINTINGS)

T. K. Biswas

Bharat Kala Bhavan possesses a huge collection of paintings on the *Rāmāyaṇa*. These paintings cover the major artistic trends namely, Mughal, Rajasthani, Pahari South Indian and even the so called Bengal School. There are uncounted varsions of the *Rāmāyaṇa*. Every language in India has its own *Rāmāyaṇa*. Like every language nearly every region in India attempted to express the lyrical and scintillatting events of the *Rāmāyaṇa* in its own characteristic manner through the various mediums of art.

The *Rāmāyaṇa* was compiled quite early. But for reasons unknown, in early Indian art, the lesser epic did not receive the desired amount of attention. To be precise, the proper recognition to the *Rāmāyana* was vouchsafed at *Kailāśanātha* temple at Ellora, The phenomenal popularity, thereafter, of this epic was noticed among the mediaeval painters in India. These painters, belonging to the different geographical zones, were reared up in various surroundings and were trained under uncommon teachers. The works of illustration with particular reference to the *Rāmāyaṇa* continued for centuries. Therefore, though working on a common theme, due to the obvious impact of *sthāna*, *kāla* and *pātra*, these painters came out with such composition which were never been identical. Each illustrated manuscript of the *Rāmāyaṇa* maintained its own distinctiveness and approach. An analysis is attempted in the following lines to study a few illustrations on the *Abductions of Sita* and that too with the available paintings in Bharat Kala Bhavan.

Before *Rāvaṇa* abducted Sītā, she was earlier once abducted by a *rākshasa* called *Virādha*. This episode finds descrip-

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

tion in *Vālmīki's Rāmāyaṇa (Āraṇya Kāṇḍa*, 4th *Sarga* and verses 5-33). After meeting sage *Atri*, when Rāma, *Lakshmaṇa* and *Sītā* entered deep into the *Daṇḍaka* forest, they confronted a terrible giant, *Virādha*. The demon was terrific in look, had a wide mouth and fierce belly. He held a long spear in which dead bodies of three lions, four tigers, two wolves, ten spotted deers and the head of a huge elephant were seen affixed, presumably these would be shortly eaten up by this carnivorous demon.

Virādha forcibly took *Sītā* away and declared that this woman would be his wife. Rāma, for a short while, plunged into deep despair seeing his wife in the arms of the demon. Enraged Rāma, to retrieve his wife, decided to punish the *rākshasa*. He raised his bow and had shot seven arrows in quick succession and these wounded the demon badly. Reasonably injured *Virādha* leaving *Sītā* on the ground, vigorously attacked the epic heroes with his spear. *Rāma* threw another arrow that did cut off the shaft of the spear in two pieces. Thereafter, a grim battle followed. Unable to subdue the demon in war, the epic heroes buried him alive. When the burial pit was being dug for the mortally wounded demon, the latter exposed his real identity. He said that in his previous birth he was a *gandharva* and his name was *Tumburu*. For his lascivious attempts on *apsarā Rambhā*, he was cursed by *Kubera* to be born as a *rākshasa* in this life. The demon was further informed that he would be redeemed as and when *Rāma* of *Ikshvāku* family would kill him in the battle.

Bharat Kala Bhavan has in its collection four paintings that hail from three centres of art viz., from Malwa, Kulu (Shangri) and Kangra. The manuscript from Malwa is not complete. It has sixty illustrated pages. Painted in the first half of the 17th century (1640 A.D.), this incomplete set includes a page where the killing of *Virādha* is depicted by the epic heroes. The identification of this page became very handy since its identity is inscribed at its back. The painting depicts

Digitization by Hindu-Heritage Foundation of America. HHFA(USA)



Fig. 1. 'A fierce battle in Progress', Malwa Painting, 17th Century A. D.

Fig. 3. "A pair of galloping Dondey", Mughal style Painting, Acc. No. 5423, Bharat Kala Bhavan.

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)



Fig. 2. "Attempt on stone to depict this event". Kailashnath temple, Ellora, 8th Century, A. D.

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

अनेक प्रकार की वेष-भूषाओं से विभूषित थीं (५-९-३३)। स्पष्ट है विविध रंगो से सजाये हुये वस्त्र स्त्रियाँ धारण करती थीं। पुष्पक विमान भी सुवर्ण के समान लाल रंग के सुगन्धयुक्त चन्दन से संयुक्त होने के कारण वह बालसूर्य के समान जान पड़ता था (५-९-१८)। रावण के सोने का पलंग स्फटिक मणिकी, रत्नों से जड़ा, पाटी-पाये सुवर्ण जटित होने के कारण चितकबरे, पलंग पर बहुमूल्य बिछौने बिछाये गये थे। वह अग्नि के समान देदीप्यमान, अशोक पुष्पों की मालाओं से अलंकृत था। भेड़ की खाल मढ़ी हुई सब ओर से उत्तम फूलों की मालाओं से सुशोभित था (५-१०-१-६)।

रावण के पुष्पक विमान में तरह-तरह के चित्र बने हुये थे। यह रत्नों से विभूषित देदीप्यमान था। भाँति-भाँति के वृक्षों के फूलों से आच्छादित पुष्प पराग से भरे हुये पर्वत, शिखर के समान सुशोभित था। हंसों द्वारा आकाश में ढोये जाते हुए विमान की भाँति जान पड़ता था। शिखर पर्वत, ग्रहों चन्द्रमा के कारण तथा अनेक वर्णों से युक्त होने के कारण मेघ विचित्र शोभा पा रहा था। सोने और मणियों से निर्मित कृत्रिम पर्वत-मालाओं से पूर्ण, पर्वत वृक्षों की विस्तृत पक्तियों से हरे-भरे रचे गये थे। वे पुष्प भी केसर एवं पंखुड़ियों से पूर्ण निर्मित हुये थे। केसर युक्त कमल विचित्र वन और अद्‌भुत सरोवरों का भी निर्माण किया गया था। वह हेम पद्मों से सुसज्जित, चाँदी और मूगों के पक्षी रत्नों से सर्पों की रचना तथा उसमें सुन्दर घोड़े निर्मित थे (५-७-६-१३)। उसके फर्स भी चित्रों से सजाये जाते थे। निश्चय ही ये सारे प्रसंग, विषय, बाद के चित्रकारों के लिये आधार सामग्री बनी। मध्यकालीन भारतीय चित्रकला में रामायण का भरपूर प्रभाव है। पशु, पक्षी, पुष्प लताएँ, वृक्ष, वन आदि के दृश्य रामायण में चित्रांकित हैं, जिसका आधार भारतीय चित्रकारों ने लिया है। अजन्ता की चित्रकला में ऐसे कई दृश्य हैं।

रामायण में लकड़ी की बनी वस्तुओं पर भी चित्रों का उल्लेख मिलता है। वाली का शव सुन्दर चित्रों से सजाई हुई पालकी में श्मशान भूमि ले जाया गया था (४-२४)। इसी तरह रावण का शव भी सुन्दर पुष्पचित्रित रथ में ले जाया गया (६-१११-१०९)।

लंका में हनुमान ने सीता को लतामण्डपों, चित्रशालाओं, आपानशाला, पुष्पगृह, क्रीड़ागृह, गृहाद्यान की गलियों और पुष्पक विमान आदि में खोजा था (५-१२-१,१३,१४)। लंका के तोरण वेल-बूटों से सुशोभित था। लतापक्ति विराजिते (५-२-१८)। सुवर्ण भूषित रथों पर भी तरह-तरह के दृश्य बनाये जाते थे। मृगों सिहों के मुख से सुसज्जित पिशाचवदन से चित्रित थे। रंग-विरंगे कालीन भी बनाये जाते थे। पलंग अलंकृत किये जाते थे। रत्नों से जड़े वस्तुओं आदि की विस्तृत चर्चा की गई है। हनुमान ने एक ही पीले रंग के पुराने रेशमी वस्त्र से ढकी हुई सीता को देखा था (५-१५-२१)। वर्तन भी तरह-तरह के चित्र-विचित्र, अति

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

मूल्यवान प्रयोग में लाये जाते थे। दृष्टव्य है चित्रकला के सन्दर्भ में रामायण एक पूर्ण विकसित उच्चकोटि की सांस्कृतिक, वैभव से परिपूर्ण है।

मूर्तिकला अथवा देव प्रतिमाओं के चर्चा के पहले रामायण में वर्णित देव-स्थान एवं देवपूजा पर ध्यान देना आवश्यक प्रतीत होता है। रामायण में अनेक स्थानों पर देव-मन्दिरों का उल्लेख हुआ है। देवतागार, देवपथ, देवस्थान, देवगृह देवायतन, देवतायान आदि नामों की चर्चा की गयी है। महाराज दशरथ की नववधुओं के मिथिला से अयोध्या आने पर अन्तपुर की रानियों ने देवमन्दिरों में उनकी पूजा करवायी थी (१-७७-१३)। स्पष्ट है देव पूजन के निमित्त अन्तःपुर में मन्दिर निर्मित थे। राम के राज्याभिषेक का सुखद समाचार पाकर अयोध्यावासी हिमालय के शिखर के समान ऊँचे देव-मन्दिरों पर ध्वजाएँ तथा पताकाएँ फहराने लगे थे (२-६-११–३)। स्वयं रामने यौवराज्याभिषेक के पहले दिन सीता के साथ संयम पूर्वक विष्णु मंदिर में शयन किया था (२-६-४)। वनगमन के समय राम द्वारा माता कौशल्या से आज्ञा मागने पर कौशल्या राम से कहती हैं वे सब देबता महर्षियों के साथ वन में तुम्हारी रक्षा करें (२-२५-४)। भगवान स्कन्ददेव, सोम, वृहस्पति सप्तर्षिगण और नारद सभी तुम्हारी रक्षा करें। साथ ही साथ इन्द्र, नदी, वेदियों, मन्दिरों, पर्वत, वृक्ष, जलाशय, पक्षी, सर्प सिंह, सिद्धगण, दिशाएँ, दिकपाल, समुद्र, वरुण द्युलोक, अन्तरिक्ष, पृथ्वी, वायु, चराचर प्राणी, नक्षत्र, देवताओं सहित ग्रह, शुक्र, सूर्य, कुबेर, यम, अग्नि, शिव, भूतगण, सभी देवता एवं दैत्य आदि से प्रार्थना करती हैं तथा राम की वन यात्रा मङ्गलकारी हो, अग्नि में हवन कर पूजा करती है (२-२५-१-४६)। अपने वनगमन में चित्रकूट में भी राम अयोध्या के मन्दिरों को याद करते रहते हैं। पर्णकुटी निर्मित कर पर्णशाला के अधिष्ठाता देव की पूजा कर पर्णकुटी में प्रवेश करते हैं (२-५-२१-३०)। ऋषि मुनियों के आश्रम में भी मन्दिर बने हुये थे। अगस्त्य मुनि के आश्रम में विभिन्न देवताओं के लिये पृथक स्थान बने हुये थे (२-१२-१६-२०)। रास्ते के मन्दिरों की प्रदक्षिणा की जाती थी। लंका में भी चैत्य प्रासाद थे। हजार खम्भोंवाला, गोलाकार, कैलास के समान श्वेतवर्ण और बहुत ऊँचा देदीप्यमान अशोकवाटिका में हनुमान को चैत्य प्रासाद दिखाई पड़ा था (५-१५-१४-१७)। सुन्दर काण्ड (५-२४-४५-४७) में इसी तरह राक्षसी द्वारा सुरा के साथ मनुष्य के मांस का आस्वादन करके 'निकुम्भिला' देवी के सामने नृत्य की बातें कही गयी हैं। ये सभी तथ्य मन्दिरों के साथ ही साथ मूर्तियों के अस्तित्व को दर्शाते हैं।

रामायण में कई स्थानों पर वेदों की चर्चा की गयी है। वेदवेत्ता ब्राह्मणों से दशरथ प्रसन्न रहते थे (१-७७-२३-२४)। श्री राम तथा कुश लव वेदों के पारंगत थे (२-१-२०-१-४-५-६)। रावण का दाह-संस्कार वैदिक विधि से हुआ था (६-३-११७)। वैदिक देवों की बार-बार प्रार्थनायें की गयी हैं। माता कौसल्या राम के वनगमन के मंगलमय तथा रक्षा के लिये अन्तरिक्ष, द्युलोक, पृथिवी के सभी देवों

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

की प्रार्थना करती है (२-२५-१३-१४)। इन्द्र, वरुणा अग्नि को बार-बार पूजा की गयी है। देव पूजन के लिये गंध, पुष्प, नैवेद्य, धूप दीप आदि पूजन सामग्री का उल्लेख है। कौसल्या और राम ने अनेक बार देव पूजा की। मनुष्य जो स्वयं अन्न खाता है, देवता भी ग्रहण करते हैं, कहा गया है (२-१०३-३०)। वन में विचरने वाले मुनि सहित समस्त देवता, दैत्य, जन्तुओं, पशुओं तथा शिव आदि देवताओं की प्रार्थनायें हैं। इसके साथ ही साथ विधि पूर्वक यज्ञ कर अग्नि होम करके हवन से बचे हुये हविष्य के द्वारा होम की वेदी से बाहर दशो दिशाओं में इन्द्र आदि लोकपालों के लिये बलि अर्पित है (२-२५)। वेदों के पारङ्गत ब्राह्मण धार्मिक अनुष्ठान, अभिषेक आदि किया करते थे (२-२६-१३)। विष्णु के साथ-साथ शिव की पूजा की जाती थी (२-२५-४३)। राम और रावण दोनों ही शिव की पूजा में बड़ी श्रद्धा रखते हैं। राम लंका से लौटते हुये सीता को सेतुबाँध दिखाते हैं जहाँ भगवान शिव ने उन पर कृपा की थी (६-१२३-२०)। ब्रह्मा, विष्णु, शिव, स्कन्द, प्रजापति, इन्द्र, कुबेर, काल, यम, चन्द्रमा वरुणा, पितर, वसु, सान्ध, अश्विनीकुमार, मरुद्गण, मनु, वायु, अग्नि, प्रजा, प्राण ऋतुओं को प्रकट करने वाले तथा प्रभा के पुञ्ज कहे गये हैं (६-१०५-८९)। सूर्यदेव दिन के आधिपति, ज्योतिगणों के स्वामी की बार-बार प्रार्थनायें की गयी हैं। रावण के साथ युद्ध में थके, चिन्तित रणभूमि में खड़े राम को अगस्त्यमुनि ने सूर्य की ही आराधना कर "आदित्यहृदय" स्तोत्र का जप करने को कहा था। क्योंकि इस जप से सदा विजय हाथ लगती है (६-१०५-१-३०)। राम ने इसे तीन बार जप किया और युद्ध में आ डटे। रामायण में वैदिक देवताओं के साथ ही साथ अन्य गौड़ देवताओं अष्टदिकपाल, विश्वकर्मा, नक्षत्र, कामदेव आदि की भी यथास्थान चर्चा की गयी है।

रामायण में मन्दिरों के अस्तित्व के साथ ही साथ देवों की पूजा तथा देव-प्रतिमाओं के निमित्त प्रर्याप्त सामग्री मिलती है। इन देव प्रतिमाओं को मन्दिर में स्थापित कर पूजा की जाती थी। मन्दिर अन्तःपुर, सड़क के किनारे, चौराहों आदि पर निर्मित किये जाते थे (२-३-१८)। राम का भवन देव प्रतिमाओं से अलंकृत था (२-१५-३२,३३ ३५,३६)। भरत ननिहाल से लौटकर देखते हैं, अयोध्या उदास है देवालय तथा चैत्य हीन दशा में दिखाई दे रहे थे (२-४२-४३)। देव प्रतिमाओं की पूजा बन्द हो गयी थी (२-७१-४०)। कारण स्पष्ट था राम का २७ वर्ष की उम्र में सीता, लक्ष्मण सहित वनवास हो गया था (२-२०-४५)। महाराज दशरथ स्वर्ग सिधार गये थे तथा सारी अयोध्या शोक में डूब गयी थी।

वाल्मीकि रामायण में देव प्रतिमाओं की ही चर्चा नहीं की गई है अपितु देवताओं का मानवीकरण कर उनके लाक्षणिक स्वरूपों का पूर्ण चित्रण प्राप्त है। ब्रह्म लोकस्रष्टा हैं (२-१६-२२)। ब्रह्मा को चतुर्मुख कहा गया है (१-२-२३ तथा ७-५-१२)। शिल्प में ब्रह्मा चतुर्मख ही पाये जाते हैं। विष्णु, शंख, चक्र एवं गदा के साथ अनेक स्थानों पर दर्शाये गये हैं (२-२-२३ तथा ७-६-१३) इन्हें चतुर्भुज कहा गया है (७-८-२५-२६)। शंख, चक्र, गदा धारण किये हुये रहते हैं। इनके वक्ष-

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

स्थल पर श्रीवत्स का चिह्न है, लक्ष्मी कभी साथ नहीं छोड़ती हैं (६-११-१४)। इन्हें धनुष लिये दर्शाया गया है (१-७५-२१-३४)। भगवान केशव (१-४५-३०) त्रिलोकीनाथ श्रीहरि (१-७६) भगवान विष्णु को कमल नयन कहा गया है (२-४-४१)। राम सीता के साथ वैसी ही तुलना की गयी है जैसा की लक्ष्मी के साथ विष्णु शोभा देते हैं। हाथ में कमल लिये रहने वाली लक्ष्मी को दर्शाया गया है (५ ५-३)। विष्णु को शंख चक्र, गदा शार्ङ्ग धनुष, खण्ङ्ग, धारण किये हुये सुन्दर पंखवाले गरुड़ पर आरूढ़ पीताम्बरधारी कहा गया है (६-६३-६६)। प्रारम्भिक भारतीय मूर्तिकला में, कुषाण तथा गुप्तकालीन शिल्प में विष्णु इसी रूप में उरेहे गये हैं। गुप्तकालीन देवगढ़ के गजेन्द्र मोक्ष में उड़ते हुये गरुण पर सवार तथा हमेशा साथ रहने वाली लक्ष्मी के साथ शेषशायी रूप में बड़ा ही सजीव चित्रण है। विष्णु के त्रिविक्रम की चर्चा है (५-२१-५८)। शिव महादेव शंकर को अनेक रूपों में दर्शाया गया है (१-६६-११)। इन्हें पशुपति शिव (५-१३-५०) त्रिनेत्रधारी (१-४३-६-७ तथा ७-६-२३) त्रिशूलधारी (१-४५-२३) त्रिशूलधारी, जटाजूट मस्तक पर गंगा को धारण करने वाले (१-४३-६,१६,२०) विषधर, कण्ठ में धारण करने वाले कहे गये हैं। कला में शिव के जटा, जूट तथा दक्षिण भारत से गंगावतरण की मूर्तियाँ प्रमाणित करती हैं कि शिल्पाङ्कन में भारतीय मूर्तिकार ने रामायण का भरपूर उपयोग किया है। रामायण से प्रभावित होकर शिव के स्वरूपों को अपने कला में स्थान दिया तथा उन्हें उसी रूप में उरेहा जैसा रामायण में शिव स्वरूप चित्रित है। इसी तरह शिव के धनुष जिससे त्रिपुरासुर का नाश हुआ था, का उल्लेख किया गया (१-७५-१२)। गुप्तकालीन विहार के चन्डीमाओ से प्राप्त स्तम्भ पर इस दृश्य का बहुत ही सुन्दर शिल्पांकन हुआ है। पार्वती के साथ बैल पर चढ़ कर शिव का वायु मार्ग से चलने का उल्लेख द्रष्टव्य है। (७-४-२७) इसी तरह वृषभध्वज की चर्चा है। (२-५५-१३) शिव का पार्वती के साथ वाहन बैल पर आरूढ़ रूप गुप्तकालीन देवगढ़ के मन्दिर फलक पर देखते ही बनता है। शिल्पी को इस चित्रण में पूर्ण फसलता प्राप्त है। वाहन नन्दी शिव पार्वती को लिये इस रूप में उरेहा गया है मानो वह वायु में उड़ रहा हो, उससे उद्भूत गति एवं ओज है। सम्पूर्ण चित्रण भारतीय मूर्तिकला का अनूठा दृश्य उपस्थित करता है। शिवपुत्र स्कन्द छः मुख वाले देव सेनापति के रूप में चित्रित किये गये हैं (१-३७-२८-२९)।

इन्द्र गजराज ऐरावत की पीठ पर विराजमान रहते हैं (५-३७-२५)। अनेक स्थानों पर इन्द्र बज्र सहित दर्शाये गये हैं (१,४६-२२-२३, २-२५-३४, ५-१३-६५)। इन्द्र के साथ शची अर्थात् इन्द्राणी का भी उल्लेख पाया जाता है (६-११३-५१)। देवताओं सहित ग्रहों की प्रार्थना की गयी है (२-५५-१३)। (२-२५-१३-१४)। गुप्तकालीन तथा मध्यकालीन हिन्दू मन्दिरों में शिला पट्टों में नवग्रह स्थापित किये गये प्रदर्शित हैं। पाशधारी वरुण (५-१३-२७) द्रष्टव्य है। सहस्रनेत्रधारी इन्द्र हैं (२-१-५१)। वज्रधारी वर्षा के देव हैं (२-१२-१०४)॥

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

धन्वन्तरि को भुजाओं में दण्ड तथा कमण्डल धारण करने वाला कहा गया है (१-४२-३१-३३)। परशुराम कन्धे पर फरसा तथा हाथ में धनुष एवं भयंकर बाण लिये दिखाये गये हैं (१-७४-१७-१९)। गन्धर्व, अप्सरा, विद्याधरगणों की अनेक बार चर्चा की गयी है। गले में हार, पैरों में नूपुर, भुजाओं में बाजूबंद, कलाइयों में कंगन धारण किये आकाश में अपने पतियों जो कण्ठ में माला धारण किये, लाल रंग के फूल और चन्दन लगाये हुये थे, मन्द-मन्द मुस्कराती चकित सी खड़ी हो गयी थी (५-१-२३-२७)। इस रूप में गन्धर्व विद्याधरों की अनेक प्रतिमायें ग्वालियर, विदिशा, नचना आदि से प्राप्त है जो राष्ट्रीय संग्रहालय तथा देश के अन्य कई संग्रहालयों की शोभा बढ़ा रही हैं। दिशाओं के देव अष्टदिकपाल यथा स्थान दिखाये गये हैं। पूर्व दिशा में वज्रधारी इन्द्र, दक्षिण दिशा में यमराज, पश्चिम दिशा में वरुणा तथा उत्तर दिशा में कुबेर को दर्शाया गया है (२-१६-२४)। शिल्प में व्रजधारी इन्द्र, यम, कुबेर आदि की प्रतिमा दृष्टव्य है। इन्हें यहाँ दिशाओं के देव के रूप में ही मन्दिर के आला में स्थान दिया गया है। भूमरा में इनके कई अच्छे प्रतिमा प्राप्त है। मध्यकालोन हिन्दू मन्दिरों, उड़ीसा, मध्य प्रदेश, राजस्थान आदि स्थानों में शिल्प में इसी रूप में उरेहे गये हैं जो आज भी द्रष्टव्य है। रामायण में प्रथम बार अष्टदिकपालों का दिशा निर्धारण हुआ है। इसी को आधार मानकर भारतीय शिल्पी ने दिकपालों को अपनी कला में स्थान दिया है। इस तरह कामदेव बाण के साथ दर्शाये गये हैं (५·३९·५१)। कला में भी इनका इसी रूप में चित्रण है।

रामायण में देव प्रतिमाओं का कई बार उल्लेख किया गया है। राम के राजप्रासाद का शिखर मोती, मूगों के तोरण तथा स्वर्ण प्रतिमाओं से सुसज्जित था (२·१५·३३)। अयोध्या से चित्रकूट के रास्ते में भरत की सेना के विश्राम स्थलों पर नीलमणि की प्रतिमाएँ उत्कीर्ण थीं (२·२०·१२)। रामायण में राम तथा रावण दोनों शिवलिंग की पूजा करते हुये दर्शाये गये हैं। लक्ष्मी की कमलासीन देवी रूप में कल्पना की जाने लगी थी (५ ५ ३)। यही नहीं सुन्दरकाण्ड में गंजलक्ष्मी का पूर्ण विकसित रूप मिलता है। कमलासन पर बैठी गजलक्ष्मी की एक सुन्दर मूर्तिका उल्लेख है जिनके हाथ में कमल और दोनों ओर सूड़ों में केसर युक्त कमल लिये हाथी अंकित थे। रावण के पुष्पक विमान में कमल मण्डित सरोवर में ऐसे हाथी बनाये गये थे जो लक्ष्मी के अभिषेक कार्य में नियुक्त थे। उनकी सूँड़ बड़ी सुन्दर थी। उनके अङ्गों में कमल के केसर लगे हुए थे तथा उन्होंने अपने सूँड़ों में कमल पुष्प धारण किये थे। उनके साथ ही वह तेजस्विनी लक्ष्मी देवी की प्रतिमा भी विराजमान थी जिनका उन हाथियों के द्वारा अभिषेक हो रहा था। उनके हाथ बड़े सुन्दर थे। उन्होंने अपने हाथ में कमल पुष्प धारण कर रक्खा था (५ ७ १४)। भारतीय शिल्पियों ने लक्ष्मी को इसी रूप में भरहुत, साँची, बोधगया, सारनाथ आदि स्थानों में कला में उरेहा है। रामायण में ही सर्वप्रथम गजलक्ष्मी का प्रतिमा विधानीय लक्षण को निर्धारित किया गया है। भारतीय कला में गजलक्ष्मी का रामायण में वर्णित रूप द्रष्टव्य है।

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

उत्तर काण्ड में उल्लेख है कि राम यज्ञ में धर्मपत्नी सीता की सोने की प्रतिमा निर्मित करवा लिया करते थे (७·९९ ७)। कई स्थानों पर सीता की तुलना मय निर्मित किसी अद्भुत सुवर्ण मूर्ति से की गई है। ये सभी प्रमाण देवप्रतिमाओं तथा उनके प्रतिमा विधान, लक्षणों की पुष्टि के उदाहरण हैं।

लंका में भी मूर्तिकला का स्पष्ट प्रमाण मिलता है। रावण के शयनागार हाँथी दाँत, सोने, चाँदी मणियुक्त प्रवाल आदि मूर्तियों से सुसज्जित किया गया था (५·९ २३)। ये सभी तथ्य कला, सौन्दर्य की लोकप्रियता दर्शाते हैं। रावण के पुष्पक विमान के खम्भों पर सुन्दर नारियों की मूर्तियाँ देदीप्यमान थीं। श्रेष्ठ हंसों द्वारा आकाश में ढोये जाते, विमान भाँति जान पड़ता था। निश्चय ही यह आधार भारतीय कला में शालभंजिकाओं के निर्माण में सहायक हुआ। शुंग, कुषाण कला में इसके सुन्दर रूप देखते ही बनते हैं।

नारीप्रवेकैरिव दीप्यमानम्।
हंसप्रवेकैरिव बाह्यमानम्॥ ५ ७ ७

लंका के रथों में नाना प्रकार के मुखों वाले गधों, मृगों, सिंहों के मुखों से सुसज्जित होने की बातें कही गयी हैं। (मृग सिंह मुखैर्युक्तं खरैः कनकभूषितैः ६·५१·२८) ये इहामृग कहे गये हैं। खम्भों पर अद्भुत पशु, पक्षी, मूंगे के पक्षी, रत्नों के सर्प, भेड़ (५ ९ १३) आदि बने थे। इस तरह के इहामृग भरहुत, साँची बोधगया आदि के तोरणों पर अधिकाधिक संख्या में निर्मित किये गये हैं। ये काल्पनिक पशु, पक्षी कला के सौन्दर्य को बढ़ाने में समर्थ हैं।

रावण के पुष्पक विमान को आकाश में ढोने वाले निशाचरों को बड़े पेट वाले कुण्डलधारी कहा गया है (५ ८·७)। ठीक ऐसे ही निशाचर बड़े पेटवाले, कुण्डल धारी बौने कद के साँची स्तूप के कैपिटल के भार को ढोते हुये दिखाये गये हैं। शुंगकालीन प्रथम शताब्दी ई० पू० के, भारतीय शिल्पियों ने रामायण में वर्णित स्वरूपों को मूर्तियों में उरेह कर अपनी कला-कौशल की सूझ-बूझ का सफल परिचय दिया है। पाषाण, धातु, काष्ठ आदि की निर्मित मूर्तियों का विवरण, रामायण में पर्याप्त रूप में मिलता है। इससे प्रभावित होकर शुंग, कुषाण, गुप्त तथा मध्यकालीन भारतीय शिल्पियों ने अपनी कला में सर्वोत्कृष्ट प्रमाण प्रस्तुत किये हैं जो आज भी अनेक स्थानों पर द्रष्टव्य है।

संक्षेप में कहना यह है कि रामायण चित्रकला, स्थापत्यकला, मूर्तिकला, प्रतिमा विज्ञान आदि अर्थात् शिल्प के विविध आयामों की सामग्री से परिपूर्ण है। शिल्पियों के लिये भी यह वैसा ही आधार ग्रन्थ था जैसा कि रामकथा बाद के कवियों के लिये। दोनों ने इसका भरपूर उपयोग अपने-अपने क्षेत्र में किया है।

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

ABDUCTIONS OF SĪTĀ (WITH PARTICULAR REFERENCE TO BHARAT KALA BHAVAN PAINTINGS)

T. K. Biswas

Bharat Kala Bhavan possesses a huge collection of paintings on the *Rāmāyaṇa*. These paintings cover the major artistic trends namely, Mughal, Rajasthani, Pahari South Indian and even the so called Bengal School. There are uncounted varsions of the *Rāmāyaṇa*. Every language in India has its own *Rāmāyaṇa*. Like every language nearly every region in India attempted to express the lyrical and scintillatting events of the *Rāmāyaṇa* in its own characteristic manner through the various mediums of art.

The *Rāmāyaṇa* was compiled quite early. But for reasons unknown, in early Indian art, the lesser epic did not receive the desired amount of attention. To be precise, the proper recognition to the ***Rāmāyana*** was vouchsafed at ***Kailāśanātha*** temple at Ellora, The phenomenal popularity, thereafter, of this epic was noticed among the mediaeval painters in India. These painters, belonging to the different geographical zones, were reared up in various surroundings and were trained under uncommon teachers. The works of illustration with particular reference to the *Rāmāyaṇa* continued for centuries. Therefore, though working on a common theme, due to the obvious impact of ***sthāna***, ***kāla*** and ***pātra***, these painters came out with such composition which were never been identical. Each illustrated manuscript of the *Rāmāyaṇa* maintained its own distinctiveness and approach. An analysis is attempted in the following lines to study a few illustrations on the ***Abductions of Sita*** and that too with the available paintings in Bharat Kala Bhavan.

Before *Rāvaṇa* abducted Sītā, she was earlier once abducted by a ***rākshasa*** called ***Virādha***. This episode finds descrip-

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

tion in *Vālmīki's Rāmāyaṇa* (*Āraṇya Kāṇḍa*, 4th *Sarga* and verses 5-33). After meeting sage *Atri*, when Rāma, *Lakshmaṇa* and *Sītā* entered deep into the *Daṇḍaka* forest, they confronted a terrible giant, *Virādha*. The demon was terrific in look, had a wide mouth and fierce belly. He held a long spear in which dead bodies of three lions, four tigers, two wolves, ten spotted deers and the head of a huge elephant were seen affixed, presumably these would be shortly eaten up by this carnivorous demon.

Virādha forcibly took *Sītā* away and declared that this woman would be his wife. Rāma, for a short while, plunged into deep despair seeing his wife in the arms of the demon. Enraged Rāma, to retrieve his wife, decided to punish the *rākshasa*. He raised his bow and had shot seven arrows in quick succession and these wounded the demon badly. Reasonably injured *Virādha* leaving *Sītā* on the ground, vigorously attacked the epic heroes with his spear. *Rāma* threw another arrow that did cut off the shaft of the spear in two pieces. Thereafter, a grim battle followed. Unable to subdue the demon in war, the epic heroes buried him alive. When the burial pit was being dug for the mortally wounded demon, the latter exposed his real identity. He said that in his previous birth he was a *gandharva* and his name was *Tumburu*. For his lascivious attempts on *apsarā Rambhā*, he was cursed by *Kubera* to be born as a *rākshasa* in this life. The demon was further informed that he would be redeemed as and when *Rāma* of *Ikshvāku* family would kill him in the battle.

Bharat Kala Bhavan has in its collection four paintings that hail from three centres of art viz., from Malwa, Kulu (Shangri) and Kangra. The manuscript from Malwa is not complete. It has sixty illustrated pages. Painted in the first half of the 17th century (1640 A.D.), this incomplete set includes a page where the killing of *Virādha* is depicted by the epic heroes. The identification of this page became very handy since its identity is inscribed at its back. The painting depicts

Digitization by Hindu Heritage Foundation of America. HHFA(USA)



Fig. 1. 'A fierce battle in Progress', Malwa Painting, 17th Century A. D.

Fig. 3. "A pair of galloping Dondey", Mughal style Painting, Acc. No. 5423, Bharat Kala Bhavan.

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)



Fig. 2. "Attempt on stone to depict this event". Kailash-nath temple, Ellora, 8th Century, A. D.

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

the last part of the story when the tension of terrible war was dialated considerably. In this folio, the mortally wounded demon shows awkwardly reclining after being shot by an arrow in the middle of his chest. The blood oozes out of his wound. His tongue is portruded out and is still holding the spear with the pierced bodies of dead animals. Amazed at by witnessing the supra human power of ***Rāma***, ***Sītā*** standing before him, folds her hands and salutes him. ***Rāma***, the hero of the drama, looks up with an intention to receive oblation from a monkey who was equally convinced of supra-human fit in Rāma (Pl. 1).

The epic heroes here do not look tired. Instead they are delineated with evident conviction and resolute temper. The ***vibhatsa*** part of the story has been fittingly given a blue cack-drop and heroic convictions of two brothers were adjusted against a red background. The artist appears to have been more interested in playing with a limited number of colours and in the distribution of space. This is evident indifference on the part of the painter in working out pleasing and proportionate human forms.

Of the few dispersed pages of Shangri (Kulu) ***Rāmāyaṇa***, there is a beautiful painting that illustrates a mighty encounter between epic heroes on the one hand and the demon ***Virādha*** on the other (Acc. No. 11098). Bordered in red and against the back drop of yellow, the painter documented a fierce battle in progress (Fig 1). By incorporating two stylised trees, the painter wanted to mean the locale being a jungle and that too, nearby a few stylised ponds by which two deers are shown standing awe-strucked and with wooden stillness. The giant-stature of the demon has been very aptly shown with a tiny figure of Sītā in his lap. ***Virādha*** is shown in this as suspended in the void and from the diagonally apposite areas on earth, the two epic heroes are seen discharging arrows towards the demon in suspension. A vertical line is always less powerful than a diagonal one. The diagonal movement of the arrows as well as the diagonally adjusted warring heroes

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

brought forth effortlessly an air surcharged with tremendous force. The warmth of the situation has been suitable alleviated by using the yellow colour in the background.

Two more sketches drawn in *sindurī kalam* with this theme are there in Bharat Kala Bhavan (Acc. Nos. 2012 & 2235). These two pages belong to a large manuscript of the *Rāmāyaṇa* sketches numbering a few more than seven hundred. The lines of these two sketches that depict the episode of *Virādha* in continuous narration are reasonably faint but the fight between epic heroes and *Virādha* are treated in more detail than in the paintings considered earlier. Drawn by a Kashmiri Brahmin *Sudarśana* for the artist Rānjha, during the reign of Raja Bhupandra Pal in V.S. 1873, the lines are at once swift and steady. Intended to be filled in by colours later on, these sketches adjusted the notion of time and space with calculated composions. The texts of these are written on the back in Sanskrit and Hindi mixed with Punjabi dialect.

Abduction of *Sītā* by Rāvaṇa has been one of the most popular events in the *Rāmāyaṇa* and that moment during the abduction of *Sītā* appealed most to our traditional artists when the vulture king *Jaṭāyu* tried to frustrate that attemp. This part of the story involves an intense feeling of devotion in Jaṭāyu that moved every one including the painters. *Vālmīki* described this great event in the *Araṇya Kāṇḍa Sarga* 57, verses between 1–46. The story is well known and therefore, requires hardly any repetition. However, in short, the story moves round the vulture king *Jaṭāyu* who inspite of his old age tried his best to obstract the abduction of *Sītā* and in doing so, he waged a fierce battle with Rāvaṇa and was, finally mortally wounded.

A number of painting belonging to different schools of art are there in the Bharat Kala Bhavan. Before considering these paintings, the reference may be made of a superb sculpture in relief on the south wall of the *Gudha-maṇḍapa* of *Kailāsanatha* temple at Ellora dated circa 8th century A.D.

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

(Pl. 2). This was, perhaps, one of the earliest, if not earliest, attempt on stone to depict the event (Fig. 2). Framed within a rectangle, the unknown Rāshṭrakūṭa sculptor while composing the theme, could not accommodate *Jaṭāyu* within it and therefore, he crossed the frame to relieve the rear part of the mighty bird. Curiously enough, the composition, instead of being distorted, turned into a fascinating and catchy composition. Against the severely plain black-ground, *Rāvaṇa's* aerial chariot is found to be delineated in profile drawn by galloping donkeys (?) while the torso of *Sītā* is shown standing as a helpless lone spectator of the fight. *Rāvaṇa's* figure predominates the composition and the sculptor endowed this figure with agile and sweeping movement, the moment before charging *Jaṭāyu* with violent downward thrust with his sword while *Jaṭāyu* is seen attacking *Rāvaṇa* with his wings raised. The vulture king at the same time violently pecking the demon king with his strong beak The sculptor is found to be successful in bringing an air of war charged with adequate tension. The momentory agitation is detected also in the face of the bird.

Of the paintings on this theme that are in the collection of Bharat Kala Bhavan, mention may be made of a painting (Acc. No. 5423) belonging to the so-called popular Mughal style. Painted in the last decade of the 16th century, this painting lays bare the landscape of a hilly terrain with sparing stylised trees here and there through which Rāvaṇa is driving his chariot with a pair of galloping donkeys (Fig. 3). While the profile of helpless *Sītā* painted in profile with adequate nervous tension. *Jāṭāyu* on the other hand is seen gliding down with a ferocious speed spreading his mighty wings to challenge *Rāvaṇa* (Pl. 3). His fearful claws, open mouth with sharp beaks and agitated eyes reveal how much he was charged with tension. The artist appears to have paid more attention on the movement of the bird. In comparison, the ten headed *Rāvaṇa* his chariot were given comparatively less attention. The faces of *Rāvaṇa* are less perturbed and while hitting the bird

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

with a long sword, he hardly gathers that amount of force with which he should have been portrayed.

Inspired to certain extent by the Malwa idiom, the Kota school bequeathed a painting showing the abduction of *Sītā* (Acc. No. 10627). Painted within a square format, the composition could not bring in the dramatic sequence in it. The theme presented here is more of a decorative one and is less naturalistic. *Rāvaṇa* projected here as a bearded mendicant who with his two raised hands is charging the vulture king with a sharp spear while he carrys *Sītā* on a wallet that hangs from his left shoulder. The profile of *Sītā* is seen within the wallet seriously concerned about the would be consequences of this abduction. The chariot of *Rāvaṇa* is conspecuous by its absence (Fig. 4).

In this composition, the figures of *Rāvaṇa* and *Jatāyu* including the lone architecture are decidedly decorative inclusions. The artist appears to have been indifferent of proportion, perspective and emotional involvement of the theme. He was more interested in bringing out a decorative symmetry and balancing a limited number of colour tones. The dress and ornament, architectural setting etc. belong to the time when this painting was done.

The early 18th century artist of Kulu (Shangri) Rāmāyaṇa, decided to show a fierce and close combat between the king of Laṅkā and the vulture king (Acc. No. 110098). In this painting, (Fig. 5) the extraordinary power of *Rāvana* has been attributed by including ten resolutely stubborn heads and twenty powerful arms. In spite of that, *Jaṭayu* charges violently, mutilates some of the weapons of *Rāvaṇa* and is fiercely packing and clawing the demon king. *Rāvaṇa* on his part, is seen dangerously kicking the bird and is trying to hit hard with some of his offensive weapons on the different parts of *Jaṭāyu's* body. *Sītā* moves presently away and while doing so, she looks back and became nearly startled seeing the nature of this grim battle. The nervous tensions in *Sītā* are ably reflected by her helpless stare and by her hand postures (Fl. 5).

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)



Fig. 4. "Rāwana fighting Jatayu", Painting Kota School, Acc. No, 10627, Bharat Kala Bhavan.

Fig. 5. "Rāvana fighting Jatayu", Painting in Kulu Ramayana, 18th Century A. D., Bharat Kala Bhavan.

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

Fig. 6. "Rāvana fighting Jatāyu", painting, Jamini Ray, Bharat Kala Bhavan.

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

Of late, Jamini Roy painted one such painting in his own characteristic manner (Acc. No. 4927). Against the background of red, his composition included the ten headed and twenty armed *Rāvana* in the middle being flanked on either side by a chariot with *Sītā* and Jaṭāyu, with a huge mouth guarded by powerful beaks (Fig. 6). The mouth of Jaṭāyu, is drawn in such a way as if he would devour *Rāvaṇa* completely. Roy's painting is essentially two dimensional. Inspired by the painting of Sunayani Devi in particular and Bengal's folk art in general, Roy infused in this composition certain amount of urban sophistication. The painting appears as an aristocratic folk art. He appears to have been more concerned in symmetry and decorative forms and therefore, he simplified the figures. One misses here the required tension, emotion and above all the devotional aspect in the theme. One does not hear either the noises of a gruelling dual nor one does detect the psychological effects of a combat on the faces of the dramatist personae.

REFERENCES

1. Chhavi, Vol. I (Editor : Anand Krishna) Golden Jubilee Volume, Bharat Kala Bhavan, Banaras Hindu University, 1971, vide article by B.N. Goswamy entitled The Artist Ranjha and a Dated Set of Rāmāyṇa Drawings pp. 224-231.
2. Chhavi, Vol. II (Editor : Anand Krishna) Diamond Jubilee Volume, Bharata Kala Bhavan, Banaras Hindu University, 1981, vide article by Grace Morley The Rāma Epic and Bharata Kala Bhavan's Collection, pp. 241-251.
3. Rāma in Indian Literature, Aart and Thought, Vol. I, by P. Banerjee Delhi, 1986, pp. 71-86.
4. Essence of Indian Art, Asian Art Museum of San Francisco by B.N. Goswami, 1985-86, p. 160.
5. Malwa Painting by Anand Krishna, Published by Bharata Kala Bhavan, Banaras Hindu University, 1963.
6. Rāmāyaṇa of Valmīki (Ed. by Vasudeva Lakshman Sastri Pansikar, 3rd Ebition, Bombay, 1909).
7. Pahari Miniature Paintings in the N. C. Mehta Collection by Karl Khandalvala, Gujrat Museum Society, Ahmedabad.
8. The Artists of the called Ranjha Rāmāyṇa Drawings, by D. C. Bhattacharya vide Journal of Asiatic society, Vol. XXI, Nos. 3-4, 1979, pp. 48-49.
9. Pahari Miniature Painting, Karle Khandalaval, 1953, p. 48.

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

IMPACT OF RĀMA'S STORY ON BUDDHIST LITERATURE & ART

Prof. C. S. Upasak

The Indian Culture has two streams, usually called Brāhmaṇic culture and the other Śramaṇic. Both these cultural trends flourished side by side for centuries and have left impacts on our civilization. While the Brāhamaṇic tradition believes in the existence of God, advocates the theory of incarnation, also holds unflinching faith in the authority of the Vedas and follows the Varṇāśrama-dharma; as against this, the Śramaṇic tradition does not attach any credence to God nor does it recognise the authority of the Vedas or the Varṇāśrama-dharma. It rather advocates the theory of '*Karmavāda*' and holds the view that an individual can become low or high by his own deeds. God or sacred scriptures cannot come to his help unless he helps himself. The 'Reality of Things' can be understood in true perspective only by his own efforts. Although these two traditions appear diagonally opposite in their stand-points, it is interesting to notice that both have influenced each other which have been manifested on almost all the spheres of our civilization. As our ancient monuments present the facts, it appears that the Śramaṇic tradition, i.e. Jaina & Buddhist, has widely influenced our society for centuries. The Buddhist stream of culture has rather been more powerful than its other colleague, the Jaina. Buddhism not only widely became a most popular religion in the country, it also spread in a number of countries outside India.

There will be no exaggeration if we venture to say that there is no greater theological personality in Hindu pantheon than Rāma who has been immensely powerful in shaping the Hindu society, exactly as we find the Buddha in the Buddhist society of the word. The *Rāmāyaṇa* which relates the story of Rāma is not only an excellent literary piece of work, but it

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

is one of the most sacred texts of the Hindus. Its devotional impact has been overwhelming, sometimes, probably more than the Vedas on the minds of general public. The story of Rāma has influenced our art, architecture, history and culture and has been a source of inspirational and ideological theme for the people for centuries.

Scholars have attempted to evaluate the mutual impacts of Buddhism and Hinduism in the spheres of philosophy, literature, language, art and architecture etc. We know, Buddhism has excercised greater influence on all these fields; and even the Buddha has attained a place in Hindu pantheon as one of the incarnations of Vishnu, exactly as Rāma, who is also an earlier incarnation. We find a very high veneration for Rāma, in Hindu society not a whit less than what Buddha has wielded in the Buddhist society. It is but natural to trace if Rāma has had any cognizable impact on Buddhist art, architecture and literature.

The earliest literature of the Buddhists is said to be the *Pāli Tripiṭaka*. It is conspicuous to note that we find no reference to Rāma or Rāma's story, as it comes in the *Rāmāyaṇā*, in the older texts of *Pāli Trīpiṭaka*. The name of Rāma appears to have been popular as it occurs as a part of the names of some persons or places, for instance, we get the reference to Uddaka Rāmaputta as an ascetic, or Rāmagāma as the capital town of the Koliyas. It is only in the *Jātaka Atthakathā* (Commentary) that we come across the two such stories which refer to some events, personages and places as found in the *Rāmāyaṇa*; but there too entirely in a different way. These two Jātaka stories are : 1. Dasaratha Jātaka, 2. Mahājanaka Jātaka. While the Dasaratha Jātaka illustrates the *Prajnā Pāramitā* (Perfection in wisdom), the Mahājanaka Jātaka expounds the *Vriya-Pāramitā* (Perfection in Prowess) as in tune with the purpose of the expositions of the Jātakas in the Commentaries (*Aṭṭhakathā*). Both these Jātakas portray altogether different stories and different persons who do not at all occur in the *Rāmayaṇa*.

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

Rāma, Sītā, Lakkhaṇa and Bharata are mentioned in the Dasaratha Jātaka Commentary; while in the Mahājanaka Jātaka Commentary only Janaka is known as the king of Mithilā in Videha country. There is only one late Pali book of about 17th century A.D., the *Cūllavaṃsa*, written in Sri Lanka, which mentions the story of Rāma and Rāvaṇa.[1] So far as the Buddhist Sanskrit literature is conserned we do not find any reference to Rāma or of his episodes. It is only the *Laṅkāvatārasūtra* which mentions the name of Laṅkā, relates the advent of the Buddha there and rather deals in philosophical matters. It is thus obvious that the Rāma's story as popularised by the *Rāmāyaṇa* does not get any significant place in the Buddhist literature holds, although it should have had considering the popularity and importance of the Rāmāyaṇa and of Rāma as a theological hero. It appears that the impact of Rāma's story on the Buddhist society was rather too little.

Why Rāma's story could not exercise its desirable influence on the Buddhist literature and society is matter of our investigation. It is also worth mentioning that no where the Buddhist sculpture or painting possesses any figure of Rāma. It is only in Nālandā ruin where we find some stone pannels, though studded in later ages, on the lower base of a temple.[2] Some have called this 'Hindu temple'. This temple, although originally a Buddhist temple, is supposed to be the temple of Siva by some scholars.[3] Out of 210 panels only four or five have been tentatively associated with Rāma or his story. At one place (Panel–78) Rāma and Śiva are said to have been depicted. Similarly Panel No. 4 is associated with the story of Ahalyā. While panel No. 103 is recognised as Rāma in the forest wearing a typical *Channavīra*, in one of the panels (No. 102) Rāvaṇa is said to be threatening Sītā in

1. Cf. Ch. LXIV. 42; LXVIII. 20; LXXV. 50; LXXXIII. 46,69,88, and also see G.P. Malasekera : *Dictionary of Pali Proper Names*, Vol. I, p. 901.
2. For details see : *Journal of U. P. Historical Society*, Vol. XXIII, pt. 1–2 (1950) pp. 198–212.
3. *Ibid.*, p. 198.

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

which Rāvaṇa is depicted as having three heads and six arms and Sītā is seen frightened.[1] This temple site was probably a Buddhist temple in origin and only in later times it was rennovated by someone in 7th century A D. as indicated by the epigraph available there; and then, in order to decorate the whole lower portion of the temple, panels were either collected from an old Hindu temple or from somewhere else and fixed there indiscriminately as decorative pieces. It is also remarkable to notice that some of the panels have no carvings at all and have been left barren (Nos. 28,31,34,52,74,158,192,206) and many contain only floral designs. Only two Jātaka scenes are there. Hindu Gods like Śiva, Pārvati, Brahmā, Agni, Kārtikeya, Kubera, Balarāma etc. are portrayed independently. Obviously no theocratic scheme or system is adopted there for fixing these stone panels. It is well-known that Nālandā was an imortant Buddhist monastery renowned for being a seat of higher Buddhist learning and religion and so the scholars have not been able to discern any plausible reason for these panels which depict Hindu Gods and Goddesses but studded in a Buddhist temple.

We have seen above, as in literature so also in the Buddhist art Rāma's story is almost absent. Except these few panels at Nālandā Temple, no sculpture has yet been recovered from any Buddhist site where Rāma's story is depicted. Obvious enough there stand basic theological differences between Hinduism and Buddhism and hence it is not at all surprising not to find Rāma depicted in Buddhist art. But we may explore some deeper meaning also.

In Buddhist ethico-philosophical tenets there are three types of 'thought consciousness' which determine our personality. These three are : 1. *Kusala* (Good), 2. *Akusala* (Bad) and 3. *Kiriyā* (Nuetral). For arising the 'good thought conscious-

1. I am informed by Sri Krishna Deva, the well known art critic and archaeologist that a donkey is seated on the central head of Rāvaṇa and his other heads and hands could not be seen.

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

ness' (*Kusala-citta*) three 'good roots' or *Hetus* are to be present. So also three 'Bad roots' or *Hetus* are the prerequisites for arising *Akusala-Citta* or 'Bad thought consciousness'. The 'good' class of thought consciousness (*Kusala*) is that which has arisen on account of any three 'good-*Hetus*' or roots. The three 'good' *Hetus* are : *Alobha* (Self sacrificingness or non-greed), *Adosa* (Goodwill or friendliness); and *Amoha* (insight or brightness of mind). Contrary to these *Kusala-hetus*, the 'bad' class of thought consciousness is rooted in any of the three *Akusala-hetus* or bad-roots. The *Akusala-hetus* are enumerated as *Lobha* (greed), *Dosa* (hatred, anger, enemosity) and *Moha* (dullness, delusion, indolence, decеption). The 'bad class of consciousness' is regarded as 'immoral' or '*akusala*'; and it can never be operative without accompanying *Moha* (delusion). As the root supports and nourishes and maintains a tree so also these '*hetus*' are to function for arising 'good' or 'bad' thought consciousness. It is also remarkable to note that all 'good' or 'bad' deeds are motivated by our corresponding 'good' or 'bad' thought consciousness. In the *Dhammapada*, the very first *Gāthā* represents the same as : "*Manopuvaṅgamā manoseṭṭhā manomayā manasā ce paduṭṭhena bhāsati vā karoti vā. Tato naṃ dukkhaṃ anveti vahoto cakkaṃ padaṃ ti*. That is "Mind is the precurser, supreme, overwhelming and any one who speaks or acts by 'evil' mind is followed by 'misery' (*Dukha*) like the wheel of a cart that follows the feet of the bull".

Thus, any kind of killing or intrigue for killing or any such immoral act is essentially motivated by the "*akusala*' *hetus* and thereby categorised as 'bad' or 'immoral'. The story of Rāma as narrated in the *Rāmāyaṇa* is looked upon entirely by a point of view by the Buddhists entirely different from the Hindu point of view. As a matter of fact the Buddhist psycho-ethical principles are based on pure mental phenomenal factors. Accordingly any act howsoever philanthropical or good it may appear, nevertheless if it involves any sort of killing or ill-will or greed, it cannot be regarded as 'good' for it presu-

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

pposes the existence of 'bad' or *akusala hetu* or *hetus*, like *Lobha*, *dosa* or *moha*. These *hetus* must be present otherwise acts cannot be performed, Rāma's act as narrated in the *Rāmāyaṇa* are dipicted as 'essentially good', for the benefit of the people at large. Battle between Rāma and Rāvaṇa, killing of Bāli or sanctioning Lakṣmaṇa for mutilating the nose of Sūrpanakhā or such similar acts are undoubtedly done for the welfare of the people. His other deeds are also commendable and praiseworthy, of course, from the Hindu point of view. But when we venture to judge them from the Buddhist ethical standpoint, these acts cannot be placed in the category of '*Kusala-kamma*' in true sense. Those acts of Rāma like killing of a demon or any other henious person, of course, was motivated for the good of many, certainly a philanthropic deed. But such acts can only be performed when the *akusala-hetus* are present. These deeds cannot be listed as '*kusala*', rather they belong to '*akusala*' category having *akusala-hetus* like *Dosa* and *Moha*, which are the 'bad' tendencies of mind.

The Buddhist standpoint of 'good' and 'bad' act is explicit, precise and unambiguous. Accordingly any person who indulges any kind of *akusala-kamma* cannot be regarded as 'perfect'. A 'perfect' person is one who is free from all kinds of *akusala* tendencies of mind or 'bad' *hetus*. In Buddhist mythohology Rāma is, therefore, considered as a Bodhisattva, i.e. a person yet to become 'perfect', still striving to become 'perfect' or Buddha, It appears that probably because of this standpoint of the Buddhists, the story of Rāma could not get popularity either in literature or in art or architecture as it should have for Rāma being so important a figure in the sister religion of the country; although it gathered importance and popularity in some foreign Buddhist countries, like Thailand, but there too is a Bodhisattva only. This basic ideological and ethical factor should be regarded as the cause of conspicuous absence of Rāma's story in Buddhist literature and art.

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

क्या राम प्रागैतिहासिक हैं ?

जगन्नाथ पाल

किसी भी धर्म में ईश्वर की ऐतिहासिकता प्रमाणित करने का प्रयास नहीं किया गया है। राम ईश्वर हैं इसलिए राम की ऐतिहासिकता का प्रयास करना भी व्यर्थ है। लेकिन राम ऐसे ईश्वर हैं जो मनुष्य के लिए आदर्श हैं, और उनसे जुड़े हुए क्षेत्र और स्थल अभी भी जीवित हैं इसलिए विद्वानगण उनकी ऐतिहासिकता खोजने का प्रयास कर रहे हैं। राम के क्रमशः विकसित चरित्र-मानव, महमानव और ईश्वर के अनुरूप ही राम की कथा भी संभवतः मानव कथा, पौराणिक गाथा और मोक्ष प्रदायनी आराध्य देव की कथा के रूप में विकसित हुई।

महर्षि वाल्मीकि रामकथा का वर्णन इस प्रकार करते हैं मानो यह कथा उनके समय में लोककथा बन चुकी थी। वाल्मीकि के इस कथा की रचना के बाद समय-समय पर इसके कलेवर में वृद्धि होती रही। बालकाण्ड के प्रारम्भिक सर्गों में ही इस कथा का कई बार उल्लेख यह आभास दिलाता है कि रामायण की रामकथा का विकास एक दीर्घकालीन प्रक्रिया का प्रतिफल है।

यद्यपि बालकाण्ड रामायण रचना क्रम में काफी बाद का माना जाता है लेकिन श्रृंगवेरपुर, नन्दिग्राम, अयोध्या, भरद्वाज आश्रम, मिथिला, काशी, मगध, गिरिव्रज, विशाला, सरयू, गंगा, सोन, कोशिकी आदि के वर्णन से स्पष्ट है कि राम के प्रारम्भिक जीवन का क्रिया क्षेत्र मध्य गंगाघाटी थी। अयोध्या काण्ड में भी श्रृंगवेरपुर, प्रयाग, भारद्वाज आश्रम, सरयू, तमसा, गोमती, स्पन्दिका, गंगा के उल्लेख इसी क्षेत्र से उनके वनगमन का वर्णन करते हैं। राम के इस क्रिया क्षेत्र की प्रागैतिहासिक संस्कृतियों का संक्षिप्त अनुशीलन करना ही इस लेख का उद्देश्य है।

मध्य गंगा घाटी की प्राचीनतम संस्कृति उच्चपूर्व पाषाण काल और मध्य-पाषाण काल के संक्रमण काल की संस्कृति है, जिसके प्रमाण वाराणसी जिले में गढ़वा, इलाहाबाद जिले में कुढ़ा और अहिरी तथा प्रतापगढ़ जिले में सुलेमान पर्वतपुर और मन्दाह से प्राप्त हुए हैं। ये स्थल धनुषाकार झीलों या धनुषाकार झीलों से निकलने वाली छोटी नदियों के किनारे स्थित हैं। यहाँ पर पूर्ण निर्मित पाषाण उपकरणों के साथ निर्माण की विभिन्न अवस्थाओं में उपकरण, कोर और फलक स्पष्टतः यह बताते हैं कि इनका निर्माण यहीं पर किया गया था। पाषाण का निकटतम श्रोत विन्ध्य क्षेत्र है, सम्भवतः विन्ध्य क्षेत्र से पाषाण कालीन मानव पत्थरों के पिण्ड लेकर गंगाघाटी में आता था और उपकरणों का निर्माण करके शिकार करता था। ये उपकरण चर्ट पत्थर पर बनाये गये हैं जिन पर अत्यधिक रासायनिक काई लगी

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

हुई है। उपकरणों में ब्लेड, भूथड़े ब्लेड, तक्षणी, नोक, खुरचनी, अर्द्धचन्द्र आदि उल्लेखनीय हैं।

मध्य गंगाघाटी की इस प्राचीनतम संस्कृति ने पाषाण कालीन मानव के ऋतुनिष्ठ प्रव्रजन का भारत में प्राचीनतम प्रमाण प्रस्तुत किया है जब कि बदलती हुई जलवायु में सूखे की विभीषिका से बचने के लिए मनुष्य जीविका की तलाश में नदी घाटियों को पार करता हुआ उत्तर की तरफ आया।

सांस्कृतिक अनुक्रम में उपरोक्त संस्कृति के बाद जिस संस्कृति के प्रमाण मिलते हैं उसे मध्य पाषाण संस्कृति के नाम से जाना जाता है।[२] इस काल के जीव और वनस्पति जगत के अध्ययन से प्रतीत होता है कि अब घास के मैदानों की अधिकता हो गयी थी और हिरन, भेड़, बकरी आदि छोटे आकार के जीव अधिक होने लगे थे। खाने योग्य जंगली घासों को काटने और पशुओं के शिकार करने के लिए नये प्रकार के उपकरणों की आवश्यकता हुई और मनुष्य ने अब लघुपाषाण उपकरणों का निर्माण किया। इस युग में चर्ट के अतिरिक्त चेल्सिडनी, अगेट, कार्नेलियन, क्वार्टज आदि पत्थरों का प्रयोग उपकरण निर्माण के लिए होने लगा। उपकरण प्रकारों में ब्लेड, भूथड़े ब्लेड, खुर्चनी, नोंक, अर्धचन्द्र, छिद्रक आदि सम्मिलित हैं।

मध्य पाषाणिक संस्कृति के उपकरण अत्याधिक विस्तृत क्षेत्र में सबसे अधिक स्थलों से प्राप्त हुए हैं। गंगा के उत्तर वाराणसी, इलाहाबाद, सुल्तानपुर, जौनपुर और प्रतापगढ़ ज़िले में इस संस्कृति के लगभग १९३ स्थल प्रकाश में आये हैं। इस संस्कृति के विकास की एक अवस्था में त्रिभुज और समलम्ब चतुर्भुज जैसे ज्यामितीय लघु पाषाण उपकरणों का विकास हुआ। इस आधार पर मध्यपाषाणिक संस्कृति दो चरणों में विभक्त की जाती है—१. ज्योमितीय लघुपाषाण उपकरण युक्त मध्य-पाषाणिक संस्कृति। और २ ज्योमितीय लघुपाषाण उपकरण युक्त मध्य पाषाणिक संस्कृति।

मध्य गंगा घाटी में लगभग १७२ स्थल ज्यामितीय लघुपाषाण उपकरण वाले हैं और २१ स्थल ज्यामितीय लघु पाषाण उपकरण वाले। द्वितीय चरण के तीन स्थलों सरायनाहरराय, महदहा और दमदमा का उत्खनन भी किया गया है जिससे इस संस्कृति के विविध पक्षों पर प्रकाश पड़ा है।

ये स्थल धनुषाकार झीलों के किनारे स्थित हैं। आवास क्षेत्र में बहुत से गर्त चूल्हे प्राप्त हुए हैं जिनमें जली मिट्टी के टुकड़े, पशुओं की जली हुई हड्डियाँ और राख प्राप्त होती है। इसी आवास क्षेत्र में गर्त चूल्हों के निकट ही ये अपने मृतकों को छिछली कब्रों में सांगोपांग लिटाकर दफनाते थे। सराय नाहर राय में मृतकों को पश्चिम-पूर्व दिशा में लिटाकर दफनाया गया है। इनका सिर पश्चिम की तरफ

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

और पैर पूर्व की तरफ है। एक हाथ शरीर के समानान्तर और दूसरा पेट के उपर रखा हुआ है। लेकिन महदहा और दमदमा में पश्चिम-पूर्व और पूर्व पश्चिम दोनों दिशाओं में दफनाये नरकंकाल प्राप्त हुए हैं। इनके दोनों हाथ शरीर के समानान्तर रखे हुए हैं। महदहा और दमदमा में एक एक शवाधान ऐसे प्राप्त हुए हैं जिनके पैर मोड़ कर रखे गये हैं। सराय-नाहर राय की एक कब्र में एक ही साथ दो पुरुष और दो नारियों के कंकाल दफनाये हुए प्राप्त हुए हैं और महदहा में दो शवाधान ऐसे हैं जिनमें पुरुष और नारी को एक साथ रख कर दफनाया गया है। ऐसी एक कब्र के पुरुष कंकाल के गले में हड्डी के मनकों के बने हार और कान में कुण्डल हैं। इन कब्रों में पशुओं की हड्डियाँ, लघुपाषाण उपकरण और हड्डी के बने वाणाग्र भेंट सामग्री के रूप में प्राप्त होते हैं। ये कंकाल सामान्यतः १.८० मीटर लम्बे हैं। मृत्यु के समय इनकी आयु १७ से ३५ वर्ष तक थी। महदहा से दो बच्चों और एक वृद्धा का कंकाल भी प्राप्त हुआ है। तत्कालीन जीवन की दुरूहता संभवतः मनुष्यों को अधिक दिनों तक जीवित नहीं रहने देती थी।

सराय नाहरराय, महदहा और दमदमा के गर्त चूल्हों, आवास क्षेत्र और महदहा के झील के उत्खनन से गाय, बैल, भैंसा, गेंडा, हाथी, भेड़ बकरी आदि की हड्डियाँ प्राप्त हुई हैं। यहाँ का मध्य पाषाणिक मानव कछुआ, घोंघे, मछली और चिड़ियों का भी भोजन करता था। पशुओं के मांस को गर्त चूल्हों में भून कर खाया जाता था। महदहा और दमदमा से कुछ ऐसे गर्त चूल्हे भी प्राप्त हुये हैं जिनमें गीली मिट्टी का मोटा लेप लगाया गया है।

चर्ट, वेल्सिडनी, अगेट, कार्नेलियन जेस्पर और क्वार्टज पत्थरों के बने ब्लेड, भूथड़े ब्लेड, फलक तक्षणी खुरचनी, अर्द्धचन्द्र, विषमवाहु और समबाहु त्रिभुज, समलम्ब चतुर्भुज आदि उपकरण यहाँ पूर्णतः निर्मित और अर्द्ध निर्मित अवस्था में प्राप्त हुये हैं। हड्डी के बने उपकरणों में वाणाग्र, नोक, खुर्चनी, आरी, छिद्रक आदि का उल्लेख किया जा सकता है। महदहा और दमदमा से बलुआ पत्थर के बने सिल लोढ़े, अत्यधिक मात्रा में उपलब्ध हुये हैं जिससे प्रतीत होता है कि मनुष्य अब जंगली घासों के दाने पीस कर खाने लगा था। महदहा और दमदमा में घिसे हुए गेरू के बहुत से पिण्ड प्राप्त हुये हैं। गेरू पिण्डों से निकाले रंग का प्रयोग कहाँ किया जाता था इसका कोई प्रमाण नही मिला है। संभव है मनुष्य अपने चेहरे को अलंकृत करता हो या पशुओं की खालों पर चित्र बनाता हो। कुछ हड्डियों के उपकरणों पर रेखायें उत्कीर्ण करके अलंकृत किया गया है।

सराय नाहर राय के उत्खनन से एक कार्बन तिथि ८३७५+११० ई० पूर्व की प्राप्त हुई है। उच्चपूर्व पाषाण काल और मध्य पाषाणकाल के संक्रमण काल की संस्कृति और अध्यामितीय मध्यपाषाणिक संस्कृति को इस तिथि के पहले और महदहा तथा दमदमा की संस्कृति को इसके बाद का माना जा सकता है।

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

मध्य गंगाघाटी की अगली संस्कृति नवपाषाणिक संस्कृति है जिसके प्रमाण बिहार के चिरांद और चेंचर तथा उत्तर प्रदेश के सोहगोरा नामक स्थलों से प्राप्त हुए हैं।[3] इस संस्कृति के लोग गोलाकार या अर्द्धगोलाकार झोपड़ियाँ बनाकर निवास करते थे। बाँस बल्ली के निसान से युक्त जली मिट्टी के टुकड़ों से लगता है कि झोपड़ियों की दीवालों को लकड़ी बाँस और घासफूस से बनाकर उनपर मिट्टी का मोटा लेप लगाया जाता था।

चिरांद से क्वार्ट्ज़ाइट, बेसाल्ट या ग्रेनाइट पत्थरों पर बने हुये सिल-लोढ़े, हथ गोले, हथौड़े और गोलाकार कुल्हाड़ियाँ प्राप्त हुई हैं।

चेल्सिडनी, चर्ट, अग्रेट आदि महान कणवाले पत्थरों पर बने समानान्तर बाहु वाले ब्लेड, खुर्चनी, बाणाग्र, खचित ब्लेड, नोक, दन्तुरित नोक अर्द्धचन्द्र छिद्रक आदि लघुपाषाण उपकरण भी यहाँ से प्राप्त हुये हैं। कुछ ज्यामितिक उपकरण भी लघुपाषाण उपकरणों में सम्मिलित हैं। घिसकर पालिश किये गये गोलाकार नव पाषाणिक कुल्हाड़ियों की संख्या चिरांद में कम है लेकिन हड्डियों और मृगश्रृंगों के बने हुए विभिन्न प्रकार के उपकरण यहाँ से प्राप्त हुए हैं। इन उपकरणों में सुई, नोक, छिद्रक, पिन पुच्छल एवं छिद्रयुक्त वाणाग्र, खुर्चनी, छेनी, हथौड़े, कुल्हाड़ियाँ आदि सम्मिलित है।

नव पाषाणिक चिराद की पात्र परम्पराओं के अध्ययन से भी इस संस्कृति के स्वरूप पर प्रकाश पड़ा है। लाल, भूरे, काले एवं काले तथा लाल पात्र परम्परा के मिट्टी के बर्तन यहाँ से प्राप्त हुए हैं। कुछ बर्तनों की ऊपरी सतह को चिकने पत्थरों से घोंट कर चिकना और चमकीला बनाया गया है। ये पात्र मुख्यतः हस्त निर्मित हैं लेकिन कुछ ऐसे पात्र भी हैं जिन्हें साधारण चाक पर धीरे-धीरे घुमाकर बनाया गया है। कुछ बर्तनों को गीली मिट्टी लगाकर ऊपरी सतह पर खुरदुरा भी किया गया है। बर्तनों को आसंजन विधि से अलंकृत करने अथवा पका लेने के बाद उन्हें खरोंचकर अलंकृत करने का प्रमाण भी प्राप्त होता है। एक पात्र पर सोलह तीलियों वाले धुरी युक्त चक्र का आरेखण उल्लेखनीय है। भूरे रंग के बर्तनों पर पका लेने के बाद लाल गेरू से चित्र बनाये गये हैं। चित्रित अभिप्रायों में एक दूसरे को आर पार काटती रेखाएँ, संकेन्द्रिक वृत्त और लहरदार रेखायें सम्मिलित हैं। एक पात्र खण्ड पर विन्दुओं से त्रिशूल का चित्र बनाया गया है। लाल गेरू से चित्रित ये अभिप्राय कभी कभी लाल तथा काले और लाल पात्र परम्परा के बर्तनों पर भी प्राप्त होते हैं। चिरांद से एक पात्र खण्ड ऐसा भी प्राप्त हुआ है जिसपर चटाई की छाप है। बर्तन आकारों में चौड़े अथवा संकरे मुँह वाले गोलाकार घड़े, टोंटीदार घड़े, आधार वाले कटोरे, छिद्र युक्त, होठदार अथवा टोंटीदार कटोरे और लम्बे तथा छोटे नलीदार टोंटी के बर्तन सम्मिलित हैं।

चिरांद के नवपाषाण कालीन लोगों के कलात्मक अभिरुचि को अभिव्यक्त करने वाले उपादानों में उपरत्नों पर बने हुये सुन्दर मनके हड्डी के कुण्डल और

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

झुमके, मिट्टी तथा हड्डियों की चूड़ियां, कूबड़ वाले बैल, चिड़िया तथा नाग का मृण्यमूर्तियों का उल्लेख किया जा सकता है।

अन्य नवपाषाणि संस्कृतियों की ही तरह चिराद की नवपाषाणिक संस्कृति की अर्थव्यवस्था खेती और पशुपालन पर आधारित थी। जली मिट्टी के टुकड़ों में धान की भूसी के प्रमाण प्राप्त हुये हैं। धान के अतिरिक्त गेहूँ, जौ, मूँग और मसूर से भी यहाँ के लोगों का परिचय था। गाय बैल और भैंस की हड्डियाँ प्राप्त हुई हैं जो उनके पालतू पशु रहे होंगे। इसके अतिरिक्त हाथी, गैंडा, हिरन तथा बारहसिंघा आदि जंगली जानवरों की हड्डियाँ भी उत्खनन में प्राप्त हुई हैं।

State Museum Library Lucknow 7217

विन्ध्य क्षेत्र और गंगा घाटी के नवपाषाणि कुल्हाड़ियों में साम्य है और एक ही तरह के लघुपाषाण उपकरण भी प्राप्त होते हैं। चिरांद में पात्रों को पकाने के बाद चित्रित भी किया गया है। लेकिन विन्ध्य क्षेत्र में पात्रों को चित्रित करने की परम्परा नहीं थी और न तो उन्हें पकाने के बाद खरोंच कर अलंकृत ही किया गया है। चिरांद में मिलने वाली मृण्मूर्तियाँ भी विन्ध्यक्षेत्र के महागड़ा कोलडिहवा और पंचोह से नहीं मिली हैं। हड्डियों के बने उपकरणों की संख्या भी विन्ध्य क्षेत्र में अधिक नहीं है। रस्सी अथवा कछुये की हड्डी का छाप वाले मिट्टी के बर्तन जो विन्ध्य क्षेत्र की नवपाषाणिक संस्कृति का चारित्रिक लक्षण है, चिरांद में भी मिलता है। उपरोक्त विश्लेषण से यही प्रतीत होता है कि चिरांद का नवपाषाणिक संस्कृति अधिक विकसित है जब कि विन्ध्य क्षेत्र की यह संस्कृति अभी भी शैशवावस्था में है।[४]

चिरांद के नव पाषाणिक धरातल से कुल ६ कार्बन तिथियाँ प्राप्त हुई हैं जिनमें से तीन तिथियाँ १५८० + ११०, १६७५ + १५५ ई० पू० को उपयुक्त माना गया है। नवपाषाणिक और ताम्र पाषाणिक धरातलों के संधिस्थल से १०५० + १६० ई० पू० की एक तिथि प्राप्त हुई है। इस आधार पर चिरांद की नवपाषाणि संस्कृति को १८०० ई० पू० से १२०० ई० पू० के मध्य रखा गया है।[५] चूँकि निचले धरातल से कोई तिथि नहीं मिलती है। इसलिये इस संस्कृति का प्रारंभ २००० ई० पू० या इससे भी पूर्व का समय देने को संस्तुति की गई है।[६] यहाँ के अवसादन दर की गणना के आधार पर इस संस्कृति का प्रारम्भ और भी पहले ४००० से ३००० ई० पू० तक प्रस्तावित किया गया है।

मध्य गंगाघाटी में ताम्रपाषाणिक संस्कृति के प्रमाण नवपाषाण संस्कृति की अपेक्षा अधिक विस्तृत क्षेत्र से उपलब्ध हुये हैं। इस संस्कृति के प्रमुख स्थलों बिहार के सोनपुर[७], चिरांद[८], ओरिअण[९], बक्सर चेचर[१०] तथा उत्तर प्रदेश के सोहगोरा[११], प्रह्लादपुर[१२], राजघाट[१३], नहुषराजाकाटीला[१४], बनवारी घाट, गुलरिहवा घाट[१५], शृंगवेर पुर[१६] उल्लेखनीय है। प्रतापगढ़ की पट्टी तहसील में हाल ही में किये गये सर्वेक्षण के परिणामस्वरूप इस संस्कृति के कई स्थल प्रकाश में आये हैं। उपरोक्त स्थलों के उत्खनन और सर्वेक्षण के परिणाम स्वरूप मध्यगंगाघाटी के प्रागेतिहासिक

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

मानचित्र पर ताम्रपाषाणिक संस्कृति का स्वरूप स्पष्ट होने लगा है। इस संस्कृति की पुरातात्विक सामग्री के अन्तर्गत चाक पर बनो हुई कई पात्र परम्परायें, पत्थर और हड्डियों पर बने हुये उपकरण ताम्र उपकरण तथा लघु ब्लेड उद्योग के लघुपाषाण उपकरण सम्मिलित हैं। पात्र परम्पराओं में लाल, काले लेपवाले तथा काले-और-लाल पात्र परम्परायें, जिनमें से अंतिम दो को चित्रित भी किया गया है, सम्मिलित है। लघु पाषाण उपकरणों में दन्तुर कटक ब्लेड भी सम्मिलित हैं, हड्डियों तथा मृग सिंगों के बने हुये वाणाग्र इस संस्कृति के अभिन्न अंग लगते हैं। वाणाग्र दो प्रकार के हैं—पुच्छल और छिद्रयुक्त। अधिकतर वाणाग्रों का अनुभाग गोला है लेकिन कुछ तिकोने अनुभाग वाले वाणाग्र भी प्राप्त हुए हैं। बहुत से वाणाग्र निर्माण की विभिन्न अवस्थाओं में प्राप्त हुये हैं। इस संस्कृति के लोग भी बाँस और लकड़ी की बनी झोपड़ियों में निवास करते थे। अर्धरत्नों और मिट्टी के बने मनके इन स्थलों से बहुतायत में मिले हैं, लेकिन ताम्र उपकरणों की संख्या बहुत कम है। बिहार के ओरिअप से एक ताम्र-चूड़ी का उल्लेख किया जा सकता है। मृण्मूर्तियों में चिरांद से उपलब्ध सिररहित चपटी चिड़िया जिसे शरीर पर छिद्र करके सुसज्जित किया गया है, ओरिअप से एक आदिम शैली में बनी नारी मूर्ति तथा प्रहलादपुर से उपलब्ध खिलौना गाड़ी विशेष उल्लेखनीय है।

लाल, काले और लाल तथा काले लेप की पात्र परम्परायें इस संस्कृति कि चारित्रिक विशेषतायें मानी जाती हैं। उत्खनित स्थलों में इस संस्कृति के निचले धरातल में काले-और-लाल वर्तनों की संख्या अधिक है। चिरांद में कुछ बर्तनों पर क्रीम रंग का लेप किया गया है। वर्तन आकारों में घड़े, नाद, कटोरे और तश्तरियाँ सम्मिलित हैं। काले-और-लाल पात्र परम्परा के कुछ वर्तनों के भीतरी सतह पर सफेद या क्रीम रंग से चित्रण किया गया है। चित्रण अभिछायों में क्षैतिज अथवा तिरछी रेखायें प्राप्त होती हैं। इन बर्तनों पर चित्रण के प्रमाण सोहगौरा, प्रहलादपुर, राजघाट, नहुषराजा का टीला, बनवारी घाट तथा गुलरिहवा घाट से प्राप्त हुये हैं।

पात्रों के आकार में विविधता के प्रमाण लाल पात्र परम्पराओं में प्राप्त होते हैं— कटोरे, आधार वाले कटोरे, थालियाँ, नाद, तीन पैर वाले तथा छिद्रयुक्त कटोरे और नाद, होंठदार कटोरे और नाद, बड़े और मध्यम आकार के घड़े तथा साधार तश्तरियाँ। चिरांद में नवपाषाणिक संस्कृति की तरह इस संस्कृति में भी टोंटी दार बर्तन प्राप्त हुये हैं।

काले लेप वाले पात्र परम्परा में बर्तनों के अधिक आकार नहीं मिलते हैं। कटोरे और थालियाँ ही प्रायः इस परम्परा के बर्तन हैं। सम्भवतः इस पात्र परम्परा के बर्तनों का प्रयोग खाने पीने के लिये ही किया जाता था। इसी पात्र परम्परा से परवर्ती काल में उत्तरी कृष्णा ओपदार पात्र परम्परा का विकास हुआ होगा। काले लेपवाली पात्र परम्परा के बर्तनों को भी सफेद या काले रंग से चित्रित किया

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

गया है। चित्रण अभिप्राय के अन्तर्गत तिरछे और छोटी तथा बड़ी रेखायें ही प्राप्त होती हैं। चित्रित काले लेप वाले बर्तन चिरांद, सोनपुर सोहगोरा, प्रहलादपुर, राजघाट, गुलरिहवा घाट, शृंगवेरपुर तथा पूरे देवजानी से प्राप्त हुये हैं।

प्रयाग विश्वविद्यालय द्वारा किये गये हाल के सर्वेक्षण से मध्य गंगा घाटी के प्रतापगढ़ जिले की पट्टी तहसील में लगभग ३० ताम्र पाषाणिक स्थल प्रकाश में आये हैं। जहाँ से लाल, काले लेपवाले लाल तथा काले-और-लाल पात्र परम्पराओं के मिट्टी के बर्तन, दन्तुर कटक ब्लेड क्रोड और फलक से युक्त लघु ब्लेड उद्योग के लघुपाषाण, मिट्टी तथा अर्धरत्नों के मनके, साँस बल्ली के निशान से युक्त जली मिट्टी के टुकड़े, ताँबे की अंगूठी तथा पत्थर के सिल लोढे प्राप्त हुये हैं।

उपलब्ध पात्र परम्पराओं में लाल, काले लेप वाले, काले-और लाल रंग के पात्र प्राप्त हुये हैं। कभी-कभी लाल पात्र परम्परा के बर्तनों पर भी लेप किया गया है। काले और लाल पात्र परम्परा के बर्तनों के भीतरी सतह पर काला तथा ऊपरी सतह पर लाल लेप है। काले लेप के कुछ वर्तनों के भीतरी सतह पर सफेद तथा बाहरी सतह पर काले रंग से चित्र बनाये गये हैं। चित्रण अभिछायों में खड़ी तथा तिरछी मोटी रेखायें सम्मिलित हैं। इन स्थलों से पात्रों के जो आकार उपलब्ध हुए हैं उनमें कटोरे, आधार वाले कटोरे, होंठदार कटोरे, थालियाँ, नाद, पैरवाले छिद्रयुक्त नाद, वीकर और विभिन्न आकार के घड़े उल्लेखनीय हैं। लाल पात्र परम्परा के कुछ बर्तनों की बाहरी सतह पर खड़ी या तिरछी रेखायें उत्कीर्ण कर के अलंकृत किया गया है और कभी कभी आसंजन विधि से अंगुलियाँ दबा कर रस्सी की आकृति का अलंकरणभी बनाया गया है। पात्र प्रकारों, चित्रण अभिप्रायों और लघु पाषाण उपकरणों के आधार पर मध्यगंगा घाटी के सम्पूर्ण ताम्रपाषाणिक स्थलों से इस संस्कृति का एक ही स्वरूप आभासित होता है।

मध्य गंगा घाटी की यह संस्कृति पूर्व में निम्न गंगाघाटी और दक्षिण में विन्ध्य क्षेत्र की ताम्रपाषाणि संस्कृतियों से कई सन्दर्भों में जुड़ी हुई प्रतीत होती है। निचली गंगा घाटी की ताम्रपाषाणिक संस्कृति के उत्खनित स्थल पाण्डु राजारढिवि, महिषदल और भरत पुर हैं। पश्चिमी बंगाल के वर्दवान जिले में स्थित पाण्डु राजारढिवि के उत्खनन[१७] से हस्तनिर्मित भूरे या पीताभ लाल, काले और लाल, लाल और चमकीले लाल पात्र परम्परा के बर्तन प्राप्त हुये हैं। काले और सफेद रंग से काले-और लाल तथा लाल पात्र परम्परा के बर्तनों को चित्रित किया गया है। महिषदल[१८] में भी इस परम्पराओं के बर्तनों को चित्रित किया गया है। बर्तन आकारों में कटोरे, नाद, होठदार अथवा टोंटीदार कटोरे, आधार तश्तरी और कटोरे, ढक्कन, थालियाँ, छिद्रयुक्त बर्तन तथा लम्बे गले के घड़े सम्मिलित हैं। वन्य सांस्कृतिक सामग्री के अन्तर्गत तांबे के मनके, चूड़ियाँ, नहन्नी, सुरमा-सलाई,

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

कुल्हाड़ी, हड्डियों के वाणाग्र, पिन, कंघे, चूड़ियाँ, अर्द्धरत्नों के मनके, दन्तुर कटक ब्लेड से युक्त लघुपाषाण उपकरणों का उल्लेख किया जा सकता है।

चमकीली लाल पात्र परम्परा तथा पनारीदार टोंटी के बर्तनों के मध्य गंगा घाट में अनुपस्थिति के आधार पर मध्यगंगा घाटी और निम्न गंगा घाटी की संस्कृतियों को अलग-अलग मानने की सम्मति प्रस्तुत की गयी है।[१९] लेकिन कुछ स्थानीय विभेदों को छोड़कर दोनों क्षेत्रों में एक ही संस्कृति का विस्तार मानना अधिक तर्कसंगत है।

मध्यगंगा घाटी की ताम्र पाषाणिक संस्कृति को चिरांद से उपलब्ध कार्बन तिथियों के आलोक में १६०० ई० पू० से ८०० ई० पू० के मध्य रखा जा सकता है।[२०] टी०एफ० १०२८–१५४० + ९० ई० पू० टी०एफ० ४४४–७१५ + १०५ ई०पू० के आधार पर यह तिथि क्रम निर्धारित किया गया है। सोहगोरा से भी दो कार्बन तिथियाँ १३३० + ११० ई० पू० और १२३० + १३० ई०पू० प्राप्त है।

मध्य गंगा घाटी में ताम्रपाषाणिक काल के बाद प्रारम्भिक ऐतिहासिक काल का प्रारम्भ होता है जब कि लोहे का व्यापक प्रयोग होने लगता है और उत्तरी कृष्ण ओपदार पात्र परम्पराका प्रसार होता है।

रामायण संस्कृति की पुरातत्त्व के आधार पर खोज करने वाले प्रो० बी०बी० लाल के शृंगवेरपुर के उत्खनन में उपलब्ध प्रथम और द्वितीय चरण की संस्कृतियों को ताम्रपाषाणिक संस्कृति के अन्तर्गत रखा जा सकता है जिन्हें क्रमशः उष्मादीप्ति और कार्बन तिथि के आधार पर १०५०-१००० ई० पू० और ९५०-९०० ई०पू० समय दिया गया है।[२१]

मध्य गंगाघाटी की इन प्रागेतिहासिक संस्कृतियों में से क्या किसी संस्कृति को राम के काल से सम्बद्ध किया जा सकता है? इस बारे में अभी निश्चय के साथ कुछ नहीं कहा जा सकता लेकिन रामायण में आदिम संस्कृति के बहुत से अवशेष ढूँढ़े जा सकते हैं। फाल, कुदाल और हल लिए फलमूल की तलाश में घूमता गरीब ब्राह्मण[२२], श्रीराम की असंख्य गायें[२३] तमसा के तटपर रात्रि निवास करते राम के समय गायों का झुंड[२४], सरयू, गोमती और सई के समीपवर्ती क्षेत्रों में जंगल,[२५] दशरथ द्वारा सरजू के तटों पर उपद्रवकारी, जंगली भैंसों, मतवाले हाथियों और सिंह व्याध आदि जानवरों का वर्णन[२६] शृंगवेर पुर में गंगा को पार करने के बाद रामलक्ष्मण द्वारा मृगों का शिकार[२७] आदि बहुत से ऐसे उद्धरण हैं जो इस युग में प्रागेतिहासिक संस्कृति का आभास दिलाते हैं। धनुष वाण से बालक्रीड़ा करते, धनुष वाण धारण किये सीता-स्वयंवर में सम्मिलित होते, वन-वन विचरण करते, ऋषियों की रक्षा करते, धनुष बाण से आखेट करते, राम की जो छवि हमारे मानस पटल पर बनती है विन्ध्यक्षेत्र के शिला चित्रों में धनुष वाण धारण किये मनुष्यों के

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

बहुत से चित्र उसी छवि का स्मरण दिलाते हैं। संभव है राम और उनका युग इतिहास के पहले के काल से सम्बद्ध हो और इतिहास काल में क्रमशः विकसित होती हुई इस कथा को कालान्तर में वर्तमान स्वरूप प्राप्त हुआ हो।

संदर्भ सूची

१. शर्मा, जी० आर० १९७५, सीजनल माइग्रेशन्स एण्ड मेसोलिथिक लेक कलचर्स आफ द गंगा वेली, **के० सी० चट्टोपाध्याय मेमोरियल वाल्यूम,** पृ० ९।

२. शर्मा, जी० आर०, मिश्रा बी०डी० और पाल, जे०एन० १९८०, **इक्सकेवेशन एट महदहा।**

३. पाल, जे० एन०. १९८३, बेसेज आफ द नियोलिथिक कल्चर आफ दि मिडिल गंगा वेली, **पं० बल्देव उपाध्याय फेलीसिटेशन वाल्यूम,** पृ० १०५-२१६।

सिन्हा, बी० पी०,१९७९, नियालिथिक कल्चर इन दि गेंगेटिक वेली, **आक्योलाजी एण्ड आर्ट आफ इण्डिया।**

४. मिश्र, बी० डी०, १९७७, **सम ऐस्पेक्ट्स आफ इण्डियन आक्र्यालाजी,** पृ० ११६।

५. अग्रवाल, डी० पी० और कुसुमगर, शीला, १९७३, **प्रीहिस्टारिक क्रोनोलाजी एण्ड रेडियो कार्बन डेटिंग इन इण्डिया,** पृ० ७१।

६ वर्मा, बी०एस०, १९७१, एक्सकेवेसन्स एट चिरांद: न्यू लाइट आन इण्डियन नियोलिथिक कल्चर काम्प्लेक्स, **पुरातत्व** नं० ४, पृ० २२।

७. इण्डियन आर्क्यालजी: ए रिव्यू १९५६-५७ पृ० १९, १९५९-६० पृ० १४, १९६०-६१ पृ० ४-५, १९६१-६२ पृ० ४-५।

८. **इण्डियन आर्क्यालजी: ए रिव्यू** १९६३-६४ पृ० ५-६ और १९६८-६९ से १९७१-७२ तक के अंक।

९. वर्मा, बी० एस०, १९६९, ब्लैक एण्ड रेड वेयर इन बिहार, **पाटरीज इन एन्सिएण्ट इण्डिया, सं० बी० पी० सिन्हा,** पृ० १०७।

१०. **इण्डियन आक्र्यालाजी, ए रिव्यू**–१९७७-७८, पृ० १७-१८।

११. चतुर्वेदी एस० एन० १९८०, अर्ली पाटरीज फ्राम सोहगौरा, भारतीय पुरातात्विक सोसायटी के वार्षिक सम्मेलन में इलाहाबाद में पढ़ा गया शोधपत्र।

१२. नारायण, ए० के० और राय टी० एन०, १९६८, **इक्सकेवेशन्स एट प्रहलादपुर** पृ० ६३।

१३. नारायण, ए० के० और राय टी० एन०, १९७७, **इक्सकेवेशन्स एट राजघाट** पृ० २४-२५।

१४. नेगी, जे० एम० १९७५, नहुष राजा का टीला, **के० सी० चट्टोपाध्याय मेमोरियल वाल्यूम,** पृ७ ५०-५५।

१५. भट्ट, एस० के० १९७०, आक्र्यालाजिकल इक्सप्लोरेशन्स इन बस्ती डिस्ट्रिक्ट **पुरातत्व** नं० ०३, पृ० ७८-८८।

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

१६. लाल, वी० वी और दीक्षित, के० एन० १९८१, शृंगवेरपुर: ए की साइट फार द प्रोटो-हिस्ट्री एण्ड अर्ली हिस्ट्री आफ द सेन्ट्रल गंगा वेली, **पुरातत्व** नं० १० पृ० १५७ ।

१७. दास गुप्ता, पी० सी०, १९६४, **इक्सकेवेशन्स एट पाण्डुराजारढिवि ।**

१८. **इण्डियन आर्क्यालाजी** ए रिव्यू १९६३-६४, पृ० ५९-६० ।

१९. वर्मा, वी० एस० १९६९, वही, पृ० १०३-१०४ ।

२०. मण्डल, डी०, १९७२, **रेडिय कार्बन डेट्स एण्ड इण्डियन आर्क्यालजी** पृ० १२० ।

२१. लाल, वी० वी० और दीक्षित, के० एन, वही ।

२२. वाल्मीकि **रामायण** ११-३२-२९ ।

२३. ,, ११-३२-३८ ।

२४. ,, ११-४६-१७ ।

२५. ,, ११-४६ ९-१६ ।

२६. ,, ११-६३-२१ ।

२७. ,, ११-५२-१०२ ।

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

राज्य संग्रहालय पुस्तकालय
प्रो० बी० एन० पुरी संग्रह
लखनऊ

State Museum Library
7217
Lucknow

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)

Digitization by Hindu-Heritage-Foundation of America. HHFA(USA)